

पेज -4 पर

समेकित कृषि प्रणाली द्वारा किसानों की दोगुनी आय पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

नई सोच, नया आयाम

# जोहार छत्तीसगढ़

RNI No. CHHHIN/2009/35020

दैनिक हिन्दी

◆ वर्षः -16 ◆ अंकः 133 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्यः 3 ₹ ◆ पृष्ठ : 8

धरमजयगढ़, शनिवार 16 मार्च 2024



पेज -8 पर

संभाग स्तरीय खेल में रायपुर रेंज का 10 गोल्ड 05 सिल्वर,05 ब्रांज सहित 20 पदक पर कब्जा

JOHAR CHHATTISGARH epaper for login www.joharchhattisgarh.in



## श्री-श्री सिद्ध शक्ति पीठ मां भगवती अंबेटिकरा मंदिर धरमजयगढ़

**चैत्र नवरात्र 2024 (09 अप्रैल से 17 अप्रैल 2024 तक)**



मनोकामना ज्योति कलश



651/- रुपये

कन्या छूट - 100/- रूपए

**मनोकामना ज्योति कलश प्रज्जावलित करने के लिए संपर्क करें :-**

**धरमजयगढ़** -: मामू पान दुकान राजमहल गेट के पास 9977963676, शारदा फैंसी क्लाथ स्टोर बस स्टैण्ड 9424181141, हरिचरण अग्रवाल नीचेपारा 7415213137,अजय सायकल बस स्टैण्ड 9977082840, आनंद वस्त्रालय बस स्टैण्ड 9977531361, पंजाब आटो बस स्टैण्ड 9424181140, जयेश मेडिकल थाना के पास 982687777, गुड़िया होटल गांधी चौंक 7415559910, गोयल क्लाथ स्टोर बस स्टैण्ड 9303807845, सांई मंगलम बस स्टैण्ड 9406348000, गोल्डी मोबाइल्स ग्राऊंड काम्पलेक्स 9981746848,मधुबन इलेक्ट्रीकल-9827442299, जयजयराम तराईमार-9302283427, बंजारी आटोमोबाइल्स ग्राऊंड काम्पलेक्स 975438030, जिन्दल हार्डवेयर 9424181490, आशीर्वाद कलेक्सन पोस्ट ऑफिस के पास 8719994424, जितेन्द्र ठक्कर नीचेपारा 7415556685,आशीष विश्वास 9424181448, शिवहरी शर्मा नीचेपारा 9424181352, विजय शर्मा नीचेपारा 8982636327, माधोराम पटेल (शाहपुर) 881241652, गोविन्द साव शाहपुर 9300282757, शशि पटेल शाहपुर 8878311918, अशोक मिश्रा (शाहपुर) 8817194216, मनोज अग्रवाल 9826148026, ठंडा राम चौधरी वन मंडल 9907393129, जगदीश सरकार 7413213153, वीरेन्द्र शर्मा 8839524189, पवन अग्रवाल गेरसा 8815256691, किशोर बेहरा नवागांव 7987415660, राधेश्याम त्रिपाठी 8817241652, श्याम मेडिकल 8839663600, पुरूषोत्तम अग्रवाल जय स्तंभ चौंक 7999784287, दिकेश्वर राठिया कुदमुरा 8889583311, जयनारायण राठिया सिथरा 6261463670, दिनेश राठिया सरपंच लक्ष्मीपुर 7828085380, जानकी प्रसाद डनसेना जमरगी डी 9753320018, पुरूषोत्तम राठिया अमृतपुर 8305301737, शिवकुमार राठिया बायसी 6267434458, उत्तरा पटेल पुरूंगा 6265998353, किशोर राठिया रूपूंगा 6260994311, सुनिता ध्रुव जेलपारा, योगेश गोपाल (गोपाल बाबू) 9993318928, **बाकारुमा**-टीमन बारिक 7987884554, **महाराजगंज**- श्री खगेश्वर राठिया 934308162, **पत्थलगांव** -: अनिल अग्रवाल पेट्रोल पंप 9425573959, सुशील हार्डवेयर 9993149510, **रायगढ़** -: पुरूषोत्तम अग्रवाल (संजीवनी हास्पिटल) 9425251365, रविशंकर तिवारी (जिला न्यायालय) 9300974856, **घरघोड़ा** -: गंगाराम पैंकरा (वन विभाग) 9406220044, रितेश शर्मा जय स्तंभ चौक 7898793111, राधेश्याम राठिय छर्राटांगर 7610732424 **कोरबा** -: मनोज मित्तल (वेदांशा इंटरप्राइजेस) 9907511110, **खड़गांव** -: राजेन्द्र अग्रवाल 9826961495, **हाटी** -: गोकुल पान सेन्टर 9988176184, अरुण अग्रवाल (अग्रवाल कम्प्यूटर) 9993849678, रवि पटेल 7999315321 **कुडेकेला** -: विजय अग्रवाल (चौधरी) 9981375222, **छाल** -: एम.एस.ठाकुर 9926194495, रामकृष्ण तिवारी 9425537111 **खरसिया** -: नारायण प्रसाद चक्रधारी 9826183759, युगल वैष्ण अधिवक्ता 7000015881, नटवर अग्रवाल **तपकरा**-: प्रिति आटोमोबाइल्स 9424185996, **लैलूंगा**-: कुंजराम पैंकरा 8827771848, कृष अग्रवाल 9301185400, **कुडूमकेला**-: शिव सिंह सीएमपीडीआई 9098165311, **खम्हार**-: पिन्टू अग्रवाल अजय किराना 9098893900, **लुड़ेग**-: प्रेमसागर कादरो 9111469953, प्रेमसागर 930338981 **कोतबा**-: सुखसागर अग्रवाल (एलआईसी) 9424182919 **सीतापुर**:- निरंजन मिश्रा 7000494560, कार्तिक मानिकपुरी 9406022606

**मनोकामना ज्योत का प्रसाद जहां से रसीद प्राप्त किए हैं वहीं से प्राप्त करें।**


## एक नजर

राजधानी में लाखों की डकैती

### जल्द पकड़े जाएंगे आरोपी-डिप्टी सीएम

सजा ऐसी मिले कि अपराध करने से पहले 100 बार सोचेंगे बदमाश



**रायपुर।** राजधानी के माना बस्ती में हुए लाखों के डकैती के मामले में उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा का बयान सामने आया है. उन्होंने कहा कि रायपुर में कोई चाकूबाजी की घटना या गैंगवार की घटना नहीं आ रही है. पिछले 15 दिनों से सभी ने रिलेक्स महसूस किया होगा.

इस घटना में पूरी उम्मीद है कि सभी आरोपी जल्द पकड़े जाएंगे. दंड के प्रावधान भी ऐसे करने की कोशिश है कि सभी को सबक मिले और अपराध करने से पहले 100 बार सोचे. वरिष्ठ अधिकारियों से इस घटना की जानकारी ली जाएगी. बता दें कि माना थाना क्षेत्र अंतर्गत माना बस्ती में गुरुवार की रात 3 से 4 बजे के बीच नकाबपोश 4 बदमाश कटर से एक घर का दरवाजा काटकर अंदर घुसे. इसके बाद घर के सदस्यों को अलग-अलग कमरे में बंधक बनाकर डकैती की वारदात को अंजाम दिया गया. वहीं चंद्राकर परिवार की अधेड़ महिला के साथ डकैतों ने मारपीट की है. शातिर डकैतों ने अपने पास रखें मास्टर-की से अलमारी को खोलकर सोने-चांदी के जेवरात, नगदी समेत 10-15 लाख रुपये से अधिक की डकैती की वारदात को अंजाम दिया है.

## मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने लिये पांच अहम फैसले

# सरकारी कर्मचारियों का डीए बढ़ा चार फीसदी, पेंशनरों को भी होगा लाभ

### पत्रकारों के खिलाफ किये गये कथित झूठे मुकदमों एवं उत्पीड़न के मामलों में न्याय दिलाने गृह सचिव की अध्यक्षता में बनेगी कमेटी

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अधिकारी-कर्मचारियों तथा मीडियाबंधुओं के हित में पांच अहम फैसले लिये। इनमें अधिकारी-कर्मचारियों को सातवें वेतनमान पर चार प्रतिशत का महंगाई भत्ता देना भी शामिल है।



इसका लाभ पेंशनरों को भी मिलेगा। महंगाई भत्ते की यह राशि एक मार्च 2024 की तिथि से मिलेगी। राज्य के अधिकारी-कर्मचारियों को सातवें वेतनमान के एरियर्स की अंतिम किश्त की राशि का भुगतान भी होगा। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने प्रमुख सचिव, पंचायत एवं ग्रामीण विकास श्रीमती निहारिका बारिक की अध्यक्षता में एक समिति भी बनाई है जो कर्मचारियों की समस्याओं के संबंध में समीक्षा करेगी और इनके निराकरण से संबंधी सुझाव शासन को प्रस्तुत करेगी। ग्राम पंचायत सचिवों को भी राहत देते हुए उनके 55 दिनों की हड़ताल अवधि का वेतन भुगतान करने का निर्णय लिया गया है। अर्जित अवकाश में यह हड़ताल अवधि समायोजित होगी। इन निर्णयों से होली के त्यौहार में कर्मचारियों के परिवारों में खुशियों के और भी रंग भर जाएंगे।

### सातवें वेतनमान के एरियर्स की अंतिम किश्त भी मिलेगी

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर अधिकारियों-कर्मचारियों की सातवें वेतनमान के एरियर्स की अंतिम किश्त प्रदान करने की घोषणा भी की।

### सातवें वेतनमान के एरियर्स के अंतिम किश्त की राशि भी मिलेगी

### कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान के लिए गठित की गई

### पंचायत सचिवों को 55 दिनों की हड़ताल का होगा वेतन भुगतान, अर्जित अवकाश में समायोजित होगी हड़ताल अवधि

### अब महंगाई भत्ता हुआ 46 प्रतिशत

महंगाई भत्ते में वृद्धि की घोषणा करते हुए मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य के कर्मचारियों को सातवें वेतनमान में 04 प्रतिशत महंगाई भत्ते में एवं पेंशनरों के महंगाई राहत में 04 प्रतिशत की वृद्धि करने का निर्णय लिया है। यह महंगाई भत्ता एवं महंगाई राहत 1 मार्च 2024 से दिया जाएगा। इसके फलस्वरूप महंगाई भत्ते और महंगाई राहत की दर सातवें वेतनमान में 42 प्रतिशत से बढ़कर 46 प्रतिशत तथा छठवें वेतनमान में यह 230 प्रतिशत हो जाएगी। इस निर्णय से राज्य के 3 लाख 90 हजार कर्मचारी तथा 1 लाख 20 हजार पेंशनर लाभान्वित होंगे। इस निर्णय से राज्य के कर्मचारियों और पेंशनरों को प्रतिमाह 68 करोड़ रुपए तथा साल में 816 करोड़ रुपए का लाभ प्राप्त होगा।

### हड़ताल अवधि का वेतन पंचायत सचिवों को मिलेगा

मुख्यमंत्री ने आज संवेदनशील निर्णय लेते हुए ग्राम पंचायत सचिवों को भी राहत दी। ग्राम पंचायत सचिव पिछले साल 16 मार्च 2023 से 9 मई 2023 तक कुल 55 दिन हड़ताल पर थे। मुख्यमंत्री ने बताया कि ग्राम पंचायत सचिवों की हड़ताल अवधि को उनके अर्जित अवकाश में समायोजित करते हुए उन्हें 55 दिनों का वेतन भुगतान किया जाएगा। इस निर्णय से राज्य शासन पर 70 करोड़ रुपए का व्यय-भार आएगा।

### कर्मचारियों की समस्याओं पर बनी समिति

*मुख्यमंत्री ने कहा कि कर्मचारी भाईयों ने बहुत सी मांगों और समस्याओं के संबंध में अपनी बातें हमसे साझा की हैं। हम उनकी समस्याओं का पूरी संवेदनशीलता से समाधान करेंगे। उन्होंने बताया कि इन समस्याओं के हल के लिए प्रमुख सचिव, पंचायत एवं ग्रामीण विकास श्रीमती निहारिका बारीक की अध्यक्षता में पांच सदस्यीय समिति बनाई है। समिति विभिन्न कर्मचारी संघों के प्रतिनिधियों से चर्चा कर शासन को कर्मचारी हित में उचित सुझाव देगी। इस समिति में अध्यक्ष के अलावा प्रमुख सचिव विधि एवं विधायी, सचिव सामान्य प्रशासन विभाग, सचिव वित्त सदस्य होंगे और सचिव सामान्य प्रशासन विभाग (शासकीय कर्मचारी कल्याण शाखा) सदस्य सचिव होंगे।*

### पत्रकारों को न्याय दिलाने गृह सचिव की अध्यक्षता में बनेगी कमेटी

मुख्यमंत्री ने कहा कि पत्रकारों एवं मीडियाजगत से जुड़े बंधुओं के खिलाफ उत्पीड़न की अनेक शिकायतें सामने आई थीं। इस संबंध में हम गृह सचिव की अध्यक्षता में कमेटी बनाने की घोषणा करते हैं। मुख्यमंत्री ने आगे बताया कि इस कमेटी में पत्रकारों समेत अन्य सदस्यों को भी नियुक्त किया जाएगा।

# अंतिम व्यक्ति तक मिले योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ: प्रभारी मंत्री

प्रभारी मंत्री ने की विभागीय काम-काज की समीक्षा



**रायपुर।** वाणिज्य एवं उद्योग और श्रम मंत्री एवं मुंगेली जिले के प्रभारी मंत्री श्री लखनलाल देवांगन ने आज जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभाकक्ष में अधिकारियों की बैठक लेकर विभागीय काम-काज की समीक्षा की। बैठक में मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन हो और उसका लाभ अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को मिलना चाहिए। उन्होंने सभी अधिकारियों को अपने दायित्वों का गंभीरतापूर्वक निर्वहन करते हुए जनहित के कार्य करने प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि गांव, गरीब और आम किसानों को योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ मिले, जिससे बेहतर विकास होगा और जिले का नाम रोशन होगा।

प्रभारी मंत्री देवागंन ने विभागीय योजनाओं एवं गतिविधियों की समीक्षा बैठक के दौरान पात्र हितग्राहियों को अच्छी गुणवत्ता का चावल उपलब्ध कराने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने महिला एवं बाल विकास में भर्ती के संबंध में प्राप्त शिकायतों को गंभीरता से लिया और संबंधित अधिकारी को नियमानुसार निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने किसानों को फसल बीमा योजना का शत-प्रतिशत लाभ सुनिश्चित करने तथा जल जीवन मिशन के कार्य को मिशन मोड में पूरा करने के लिए कहा। बैठक में मुंगेली विधायक श्री पुन्नूलाल मोहले ने ट्रांसफार्मर की उचित व्यवस्था करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए, ताकि जिले में कम वोल्टेज की समस्या ना हो, उन्होंने स्वीकृत निर्माण कार्यों को भी तत्काल शुरू करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी बढ़िया कार्य कर रहे हैं, आगे भी इसी तरह कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया। कलेक्टर श्री राहुल देव ने प्रभारी मंत्री श्री देवांगन को आश्वस्त करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की मंशानुरूप शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ आमजनों तक पहुंचाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा बेहतर कार्ययोजना बनाकर लगातार प्रयास किया जा रहा है।

मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने रायपुर दक्षिण में करोड़ों की लागत से बने निर्माण कार्यों का किया लोकार्पण

# राज्य के सरकारी स्कूलों में निजी स्कूलों से मिलेगी बेहतर सुविधाएं : शिक्षा मंत्री

### क्षेत्र में विकास कार्यों के लिए 1.90 करोड़ रूपए देने की घोषणा

रायपुर। शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि केन्द्र और राज्य में हमारी डबल इंजन सरकार की वजह से छत्तीसगढ़ राज्य में विकास की गति तेज हो गई है। आने वाले समय में यहां विकास कार्य और तेज़ी से होंगे।





मंत्री श्री अग्रवाल रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र में हुए करोड़ों रुपए के निर्माण कार्यों का लोकार्पण किया। इस अवसर पर स्थानीय लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि, पूर्ववर्ती सरकार के शासनकाल में विकास का काम ठप हो गया था। राजधानी रायपुर में विकास के बजाए विनाश के काम होते थे। लोग खस्तहाल सड़कों से परेशान थे। लेकिन हमारी सरकार आते ही अल्प अवधि 3 महीने में ही विकास कार्यों में तेजी आई है, सालों से अटके कार्य पूरे हो रहे हैं। मंत्री श्री अग्रवाल ने कहा कि, बीते 40 वर्षों से मुझे रायपुर की जनता से जो प्रेम और आशीर्वाद मिला है, जिसके कारण मैं विधायक और मंत्री के रूप में छत्तीसगढ़ की सेवा कर रहा हूं। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने विभिन्न क्षेत्रों में बदलाव के लिए काम कर रही है। जन-धन योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत अभियान, के साथ ही अस्पताल, स्कूल, सड़कों, आधो संरचना विकास, कृषि और पर्यटन उद्योग में भी सुधार हुआ है। हमारी सरकार ने विकास के लिए नई योजनाएं लागू की हैं और लोगों की आवश्यकताओं के अनुसार पूरे भी किए हैं। इन सब कारणों से छत्तीसगढ़ में हमारी सरकार आने से विकास की गति तेज हो गई है। मंत्री श्री अग्रवाल ने खो-खो पारा में 100 वर्ष पुराने ऐतिहासिक शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के 125 लाख रुपए की लागत से नव निर्मित भवन का लोकार्पण किया।

### स्कूल भवन मिलने पर विद्यार्थियों और शिक्षकों ने शिक्षामंत्री अग्रवाल का जताया आभार

# सीएए का विरोध करने वाले लोग मानवता के विरोधी प्रतीत हो रहे हैं

*बीते दिनों नागरिकता संशोधन कानून यानी सीएए देश में लागू हो गया है। इस कानून की प्रतीक्षा लंबे समय से थी। 2019 में मोदी सरकार ने नागरिकता संशोधन अधिनियम संसद से पास किया था। जनवरी 2020 में राष्ट्रपति की मुहर लगने के साथ यह कानून अस्तित्व में आ गया था। सीएए को लेकर देश भर में विरोध-प्रदर्शन हुआ था। केंद्र सरकार ने देशभर में एनआरसी लागू करने की बात कही थी। एनआरसी के तहत भारत के नागरिकों का वैध दस्तावेज के आधार पर रजिस्ट्रेशन होना था। सीएए के साथ एनआरसी को मुसलमानों की नागरिकता खत्म करने के रूप में देखा गया था।*

इस कानून को लागू किए जाने को लेकर एक तरफ खुशी का माहौल है तो दूसरी ओर विरोध के स्वर भी सुनाई दे रहे हैं। खुशी उन लोगों को है जो बरसों से भारत की नागरिकता पाने का इंतजार कर रहे थे। इस कानून के लागू होने के बाद उनकी दशकों पुरानी मांग पूरी होने जा रही है। विरोध करने वाली जमात में मुस्लिम तुष्टिकरण की राजनीति करने वाले राजनीतिक दल और स्वयंसेवी संगठन हैं। राजनीतिक दल व संगठन इसे पूर्व की भांति तरह अल्पसंख्यक विरोधी बता रहे हैं, वहीं इसे राजनीतिक दांव भी बता रहे हैं।




> यह कानून किसी की नागरिकता का हनन नहीं कर रहा बल्कि वंचितों को कानूनन अधिकार दे रहा है। यह अधिनियम किसी को बुलाकर भी नागरिकता नहीं दे रहा बल्कि जिन्होंने 31 दिसंबर 2014 तक भारत में प्रवेश कर लिया वे ही भारतीय नागरिकता के लिए आवेदन कर सकेंगे।

सीएए लागू होने के बाद विपक्षी दल इस कानून को लेकर देशवासियों को खासकर मुस्लिम समुदाय को भ्रमित कर रहे हैं। असल में, आजादी के बाद से ही अल्पसंख्यकों विशेषकर मुसलमानों की समूची मानसिकता राजनीतिक दलों और उनके संरक्षक बनने का दावा करने वाले स्वयंसेवी संगठनों के ही समझ के अनुसार चलती रही है। सीएए के खिलाफ उठे देशव्यापी विवाद को भी इसी श्रेणी में रखा जा सकता है। विपक्ष अपने बयानों के माध्यम से मुस्लिम समुदाय को यह संदेश दे रहा है कि इस कानून से उनकी नागरिकता संकट में पड़ जाएगी। सरकार और जिम्मेदार पदों पर आसीन लोग इस कानून से जुड़ी तमाम आशंकाओं को दूर कर रहे हैं। लेकिन, विपक्ष मुस्लिम समुदाय को गलत जानकारी देकर उपद्रव और हिंसक प्रदर्शनों के लिए परोक्ष रूप से उकसाता दिखाई दे रहा है। 2020 में विपक्ष ने परोक्ष रूप से कानून के विरोध में हुए हिंसक प्रदर्शनों और उपद्रव में सहायता की थी। ये खुला तथ्य है। नागरिकता संशोधन नियम लागू होने के बाद अब पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश के हिन्दू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी और ईसाई जो 31 दिसंबर 2014 से पहले भारत में आए थे, उन्हें भारतीय नागरिकता बिना वैध पासपोर्ट और भारत के वीजा के बिना मिल सकती है। दरअसल, ये लोग उन देशों में अल्पसंख्यक हैं। जाने किस त्रास या संकट में उन्हें उन देशों को छोड़ कर आना पड़ा। यहां के नागरिक न होते हुए भी दिक्कतों, मुसीबतों को गले लगाकर यहां जीवन बिताना पड़ रहा है। इसलिए इन सबको नागरिकता देकर यहां यानी भारत में सम्मान दिए जाने के इरादे से यह कानून लाया गया है। ऐसे में अब प्रश्न उठता है कि यह कानून भलाई के रूप में सामने लाया जा रहा है तो विपक्ष इसका विरोध क्यों कर रहा है? विपक्ष का कहना है कि इस कानून में खासतौर पर मुस्लिम समुदाय को निशाना बनाया गया है। उनका तर्क है कि यह संविधान के अनुच्छेद 14 का उल्लंघन है जो समानता के अधिकार की बात करता है। इस कानून में इन तीन देशों से आए मुसलमानों को नागरिकता देने से बाहर रखा गया है। कई आलोचकों का मानना है कि इस कानून से मुसलमानों से भेदभाव हो रहा है और ये भारत में समानता की संवैधानिक गारंटी का उल्लंघन करता है। जहां तक विपक्ष के विरोध का सवाल है उसका कहना है कि इस कानून में मुस्लिमों को वंचित क्यों रखा गया? यह समानता के कानून का उपहास उड़ाने की तरह है।

सरकार का कहना है कि जिन देशों के शरणार्थियों को नागरिकता देने का प्रावधान किया जा रहा है, वहां मुस्लिम अल्पसंख्यक नहीं, बल्कि बहुसंख्यक हैं। इसलिए उन्हें इस देश में यानी भारत में नागरिकता देने का कोई मतलब नहीं है। वो उनके देश हैं, वे वहां खुशी से रहें। भारत सरकार वंचितों की मदद करना चाहती है, इसलिए इन तीनों देशों के वे गैर मुस्लिम नागरिक जो वर्षों पहले यहां आ गए थे उन्हें सम्मान दिया जा रहा है। इसमें गलत क्या है? लेकिन अब विपक्ष के इस विरोध की सच्चाई और इसके पीछे छिपी कुत्सित इरादे देशवासियों को समझ आने लगे हैं।

यह कानून किसी की नागरिकता का हनन नहीं कर रहा बल्कि वंचितों को कानूनन अधिकार दे रहा है। यह अधिनियम किसी को बुलाकर भी नागरिकता नहीं दे रहा बल्कि जिन्होंने 31 दिसंबर 2014 तक भारत में प्रवेश कर लिया वे ही भारतीय नागरिकता के लिए आवेदन कर सकेंगे। भारत के मुस्लिमों या किसी भी धर्म और समुदाय के लोगों की नागरिकता को इस कानून से कोई खतरा नहीं है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अलावा गृह मंत्री अमित शाह समेत तमाम बड़े मंत्री और जिम्मेदार लोग इस बात को कई बार कह चुके हैं कि सीएए नागरिकता देने का कानून है, किसी की नागरिकता छीनने का नहीं। असल में, मोदी सरकार के दस सालों के कार्यकाल में देष में बड़े परिवर्तन और काम हुए हैं। देश की जनता का भरोसा मोदी की गारंटी पर है। दस साल के कार्यकाल के बाद भी पीएम मोदी की लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है।

**डॉ. आशीष वशिष्ठ**


## संपादकीय

### भरोसे का नया संकट

अपेक्षित है कि चयन से संबंधित पूरी प्रक्रिया पारदर्शी और ठोस रूप में मौजूद हो। उम्मीदवारों के करियर के बारे में पूरी सूचना चयन सदस्यों के पास मौजूद नहीं रहेगी, तो वे किस आधार पर उनके बारे में अपनी राय बनाएंगे? जब नए निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति के लिए संबंधित समिति की बैठक होने जा रही है, समिति के एक सदस्य का उम्मीदवारों से संबंधित विवरण मांगना इस प्रक्रिया से जुड़ी कई समस्याओं की तरफ ध्यान खींचता है। खास ध्यान समिति के सदस्य अधीर रंजन चौधरी के इस सुझाव ने खींचा है कि निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति के लिए वही प्रक्रिया अपनाई जाए, जो मुख्य एवं अन्य सूचना आयुक्तों तथा मुख्य एवं अन्य सतर्कता आयुक्तों की नियुक्ति के लिए अपनाई जाती है। इसका अर्थ यह हुआ कि चौधरी के पत्र लिखने तक निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति की प्रक्रिया को ही ठोस रूप नहीं दिया गया था। चौधरी लोकसभा में सबसे बड़े दल- कांग्रेस का नेता होने के नाते नियुक्ति समिति में शामिल हैं। समिति के दो अन्य सदस्य प्रधानमंत्री और उनकी तरफ से नियुक्त एक केंद्रीय मंत्री हैं। इस तरह समिति में सत्ता पक्ष का बहुमत है और वह अपनी पसंद के व्यक्तियों की निर्वाचन आयोग में नियुक्ति करवाने में सक्षम है। इसके बावजूद यह अपेक्षित है कि चयन से संबंधित पूरी प्रक्रिया पारदर्शी और ठोस रूप में मौजूद हो।

# जलवायु परिवर्तनः साफ दिख रहा है असर, चरम मौसमी घटनाओं की आवृत्ति में वृद्धि

अब दुनिया भर में जलवायु परिवर्तन भीषण असर दिखने लगा है। यह वैश्विक स्तर पर बड़ी चर्चा का विषय है, क्योंकि पूरी दुनिया में अब सब कुछ बदल रहा है और आशंका है कि आने वाले समय में यह कई तरह के संकटों को जन्म देगा। अब यह महज वैश्विक मुद्दा नहीं रहा, बल्कि स्थानीय स्तर पर भी इसके बड़े असर दिखाई दे रहे हैं। उदाहरण के लिए, अगर अपने देश में ही देख लें, तो 2023 की रिपोर्ट के अनुसार, देश के सभी हिस्सों में किसी न किसी रूप में चरम मौसमी घटनाएं हुई हैं और लगभग हर राज्य इनकी चपेट में आया है। भारी बारिश, बादल फटना, आकाशीय बिजली गिरना,



सूखा और शीत लहर जैसी चरम मौसमी घटनाओं की आवृत्ति में वृद्धि हुई है।


यही नहीं, अपने देश में करीब 3,287 नागरिकों की मौतें असामान्य मौसम के कारण हुईं। इसके अलावा, 1,24,000 जानवरों को भी किसी न किसी मौसमी घटना का शिकार होना पड़ा। देश में करीब 20 लाख हेक्टेयर भूमि सूखे या अतिवृष्टि के कारण बाढ़ की चपेट में आई। पिछले वर्ष हिमालयी राज्य उत्तराखंड में मौसम की घटनाओं के कारण हालात काफी बिगड़ गए। उत्तराखंड में करीब 150 दिन ऐसे निकले, जब किसी न किसी बुरी स्थिति का न सामना करना पड़ा हो। ऐसे ही मध्य प्रदेश में 141 दिन और उत्तर प्रदेश एवं केरल में 119 दिन खराब थे। मौसम की इस असामान्यता का सबसे बड़ा कारण जलवायु परिवर्तन है। पूरे देश में जून और सितंबर के बीच करीब 123 दिन ऐसे रहे, जिन्हें असामान्य कहा जा सकता है। पर हम अब भी इन आंकड़ों से यह नहीं सीख पाए हैं कि हमारे चारों तरफ की परिस्थितियां बिगड़ चुकी हैं और आने वाले समय में हमें और भी घातक दुष्परिणामों का सामना करना होगा। पूरे देश में करीब आठ राज्य ऐसे रहे, जहां 100 से ज्यादा असामान्य घटनाएं हुईं और 208 दिनों में भारी बारिश, बाढ़, भूस्खलन की घटनाएं सामने आईं। इतना ही नहीं, बिजली और तूफान की घटनाएं 202 दिन और 50 दिन शीत लहर, 29 दिन बादल फटने, नौ दिन बर्फबारी और पांच दिन चक्रवात की घटनाएं देखने को मिलीं। इन घटनाओं से यह साफ हो गया है कि जलवायु परिवर्तन का घातक असर अब स्पष्ट दिखने लगा है। वर्ष 2024 में जनवरी से ही मौसम में वह सामान्यता नहीं दिख रही है, जो अक्सर होती थी। वैज्ञानिकों का मानना है कि लगातार नौ महीनों से तापक्रम वह नहीं रहा, जो पिछले दशकों में था। मतलब औसतन तापक्रम में वृद्धि देखी गई। वर्ष 2023 में जुलाई को सबसे गर्म महीना बताया गया था, लेकिन आशंका है कि इस वर्ष भी दुनिया को गर्मी के बड़े संकटों का सामना करना पड़ेगा। वैसे वैज्ञानिकों का मानना है कि अल नीनो जून-जुलाई तक शांत हो जाएगा। लेकिन उसके तत्काल बाद अल नीना दूसरी तरह की मौसमी विषमताओं को खड़ा करेगा, जिसमें शीतकालीन स्थितियां और भी गंभीर होंगी। और यह सब सिर्फ अपने ही देश में नहीं, बल्कि सारी दुनिया में होगा। जलवायु परिवर्तन के चलते पूरी दुनिया में इस बार वसंत समय से पहले ही आ गया। समय से पहले ही गर्मी ने दस्तक दे दी।

## मिला जुला

# फ्यूचर गेमिंग ने 1368 करोड़ तो मेघा इंजीनियरिंग ने दिए 966 करोड़...

## जानें चुनावी बॉन्ड खरीदने वाली टॉप कंपनियां कौन-कौन?

**चुनाव** आयोग ने भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) द्वारा सुप्रीम कोर्ट को सौंपा गया चुनावी बॉन्ड का पूरा डेटा गुरुवार को अपनी वेबसाइट पर अपलोड कर दिया है. स्ब्बि ने 2018 में शुरू हुई योजना के बाद से अब तक 30 किश्तों में 16,518 करोड़ रुपये के इलेक्टोरल बॉन्ड की जानकारी सार्वजनिक की है. एसबीआई के हलफनामे में बताया गया है कि 1 अप्रैल, 2019 से 15 फरवरी, 2024 के बीच 22,217 बॉन्ड खरीदे गए हैं, जो कि इस तीन मूल्यवर्ग यानी ?1 लाख, ?10 लाख और ?1 करोड़ के हैं. इस अवधि के दौरान भुनाए गए बॉन्ड्स की कुल संख्या 22,030 है.




चुनाव आयोग ने दो अलग-अलग डिटेल को अपनी वेबसाइट पर अपलोड किया है. पहली पीडीएफ में 337 पेज हैं, जिसमें चुनावी बॉन्ड खरीदने वाली कंपनियों और संस्थाओं के नाम, खरीद की तारीख और पैसे की जानकारी शामिल है. वहीं, दूसरी पीडीएफ में 426 पेज हैं, जिसमें राजनीतिक दलों के नाम, तारीख और राशि की डिटेल दी गई है. हालांकि इससे यह स्पष्ट नहीं है कि किस कंपनी या संस्थान ने कौन-सा इलेक्टोरल बॉन्ड खरीदा है, क्योंकि उपलब्ध कराई गई जानकारी में बॉन्ड संख्या शामिल का विवरण नहीं दिया गया है. साथ ही यह भी नहीं बताया गया है कि किस कंपनी ने किस पार्टी को फंड दिया है.

अब बात करते हैं उन टॉप कंपनियों की, जिन्होंने देश की अलग-अलग राजनीतिक पार्टियों को फंड देने के लिए सबसे ज्यादा कीमत के चुनावी बॉन्ड खरीदे हैं. भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अपनी वेबसाइट पर अपलोड किए गए आंकड़ों के मुताबिक फ्यूचर गेमिंग एंड होटल सर्विसेज और मेघा इंजीनियरिंग इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड अप्रैल 2019 से जनवरी 2024 तक इस लिस्ट में टॉप पर हैं. 1,368 करोड़ रुपये के साथ फ्यूचर गेमिंग एंड होटल सर्विसेज सबसे ज्यादा फंड देने वाली कंपनी है. वहीं 966 करोड़ रुपये के फंड के साथ मेघा इंजीनियरिंग एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड दूसरी सबसे बड़ी कंपनी है.

### 'लॉटरी किंग' की है फ्यूचर गेमिंग एंड होटल सर्विसेज

कथित तौर पर फ्यूचर गेमिंग के मालिक दक्षिण भारत के लॉटरी किंग सैंटियागो मार्टिन हैं. फ्यूचर की वेबसाइट के मुताबिक, मार्टिन ने 13 साल की उम्र में लॉटरी व्यवसाय शुरू किया था. इसके बाद से वो पूरे देश में लॉटरी के खरीदारों और विक्रेताओं के एक विशाल नेटवर्क को विकसित करने में कामयाब रहे. दक्षिण में यह फर्म मार्टिन कर्नाटक के तहत चलती है, जबकि उत्तर-पूर्व में इसे मार्टिन सिक्किम लॉटरी के नाम से जाना जाता है. वहीं, बांध और बिजली प्रोजेक्ट्स बनाने वाली कंपनी मेघा इंजीनियरिंग इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड का स्वामित्व पीवी कृष्णा रेड्डी और पीपी रेड्डी के पास है. इसका मुख्यालय हैदराबाद में है. कंपनी के वेबसाइट के मुताबिक ये सिंचाई, जल प्रबंधन, बिजली, हाइड्रोकार्बन, परिवहन, भवन और औद्योगिक बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में काम करती है. यह केंद्र और राज्य सरकारों के साथ पीपीपी (सार्वजनिक-निजी भागीदारी) में अग्रणी रही है और वर्तमान में देश भर के 18 से अधिक राज्यों में प्रोजेक्ट्स चला रही है.

# लोकसभा चुनाव की तारीखों का कल दोपहर 3 बजे होगा ऐलान, चुनाव आयोग देगा जानकारी

लोकसभा चुनाव की तारीखों का इंतजार खत्म होने वाला है। निर्वाचन आयोग की तरफ से शनिवार को दोपहर 3 बजे लोकसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान किया जाएगा। चुनाव आयोग प्रेस कॉन्फ्रेंस के जरिये देश में होने वाले आम चुनाव के कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देगा। चुनाव आयोग ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट के जरिये ये जानकारी दी। माना जा रहा है कि इस बार लोकसभा चुनाव 6 से 7 चरणों में कराए जा सकते हैं। चुनाव की घोषणा होते ही पूरे देश में आदर्श आचार संहिता भी लागू हो जाएगी।

लोकसभा के साथ ही विधानसभा चुनावों की घोषणा

चुनाव आयोग ने अपने पोस्ट में लिखा आमचुनाव 2024 और कुछ राज्य विधानसभाओं के कार्यक्रम की घोषणा करने के लिए चुनाव आयोग की तरफ से शनिवार, 16 मार्च को दोपहर 3 बजे प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की जाएगी। इसे ईसीआई के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लाइवस्ट्रीम किया जाएगा।

पिछली बार 10 मार्च को हुई थी घोषणा

पिछली बार 2019 में आम चुनाव की तारीख 10 मार्च को घोषित हुई थी। पिछला बार लोकसभा चुनाव 7 चरणों में 11 अप्रैल से 19 मई के बीच कराए गए थे। पिछली बार 67.1त्न मतदान हुआ था। वहीं, मतों की गिनती 23 मई को हुई थी। इस बार लोकसभा चुनाव में करीब 97 करोड़ लोग वोट देंगे। आयोग ने दावा किया है कि इस बार चुनाव





में करप्शन पर रोक लगाने के लिए बहुत नए कदम उठाए जाएंगे।

**राजनीतिक दलों की है तैयारी**

आम चुनाव को लेकर सत्ताधारी एनडीए के साथ ही विपक्षी धड़ा इंडिया गठबंधन भी चुनाव की तैयारियों में जुटा हुआ है। बीजेपी,कांग्रेस के अलावा क्षेत्रीय दलों की तरफ से भी उम्मीदवारों की घोषणा की जा रही है। कांग्रेस और बीजेपी ने तो अपने उम्मीदवारों की दो लिस्ट भी जारी कर दी है। वहीं, इंडिया गठबंधन में अभी कई राज्यों में सीटों के बंटवारे को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

# अमिताभ बच्चन की एंजियोप्लास्टी हुई, आज सुबह मुंबई के कोकिलाबेन अस्पताल में भर्ती हुए थ

**बॉलीवुड** सुपरस्टार अमिताभ बच्चन की एंजियोप्लास्टी हुई है। 81 साल के बिग बी को शुक्रवार सुबह 6 बजे मुंबई के कोकिलाबेन अस्पताल में भर्ती किया गया था। सोर्सेज का कहना है कि बिग बी को सुबह भारी सिक्योरिटी के बीच हॉस्पिटल लाया गया था। इसी बीच बिग बी ने एक ट्वीट किया है, जिसमें उन्होंने लिखा- आपका हमेशा आभार। उनके इस ट्वीट से कयास लगाया जा रहा कि उन्होंने सर्जरी के बाद शुभचिंतकों का आभार जताया है।



2022 में कौन बनेगा करोड़पति 14 की शूटिंग के दौरान अमिताभ बच्चन के पैर की नस एक मेटल के टुकड़े से कट गई थी। सेट पर उनके काफ मसल से खूब खून बहा था, जिसके बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया था। अमिताभ ने दिवाली से ठीक पहले अपने पैर की नस कटने की जानकारी दी थी। उन्होंने खुद एक ब्लॉग के जरिए बताया था कि पैर की नस कटने पर खूब खून बहा। उन्हें अस्पताल का चक्कर भी काटना पड़ा, जहां डॉक्टर्स ने उनके पैर पर टांके लगाए थे। अमिताभ बच्चन ने अपने पर्सनल ब्लॉग से इस घटना की जानकारी दी थी। अमिताभ ने 2020 में ट्वीट करके जानकारी दी थी कि वो कोविड संक्रमित हो गए हैं। उनके बेटे अभिषेक भी पॉजिटिव थे। इलाज के लिए दो महीनों तक बिग बी हॉस्पिटलाइज थे। इसके बाद 2022 में भी अमिताभ कोविड से संक्रमित हुए थे।

# UP Police पेपर लीक मामले का मास्टरमाइंड STF के हत्थे चढ़ा, प्रिंटिंग प्रेस से निकलने के बाद आउट हुआ था क्वेश्चन पेपर

**यूपी** पुलिस पेपर लीक मामले में यूपी एसटीएफ को बड़ी कामयाबी मिली है. सिपाही भर्ती का पेपर लीक करने वाले असली मास्टरमाइंड राजीव उर्फ राहुल मिश्रा समेत दो लोगों को एसटीएफ ने दबोच लिया है. एसटीएफ की टीमें पकड़े गए दोनों आरोपियों से पूछताछ के बाद कई और लोगों की गिरफ्तारी में दबिश दे रही हैं. सूत्रों के अनुसार, प्रिंटिंग प्रेस के नेटवर्क से यूपी पुलिस सिपाही भर्ती परीक्षा का पेपर लीक हुआ था. बता दें कि यूपी पुलिस सिपाही भर्ती परीक्षा 17 और 18 फरवरी 2024 को आयोजित की गई थी, लेकिन पेपर लीक की खबर की पुष्टि होने पर इस परीक्षा को निरस्त कर दिया गया. इसके बाद जांच के लिए एसटीएफ को लगाया गया, जिसने जगह-जगह छापेमारी की. जिसमें राजीव उर्फ राहुल मिश्रा समेत दो लोगों को एसटीएफ ने पकड़ा है. एसटीएफ की टीमें पकड़े गए दोनों आरोपियों से पूछताछ के बाद कई




और लोगों की गिरफ्तारी में दबिश दे रही हैं. बताया जा रहा है कि प्रिंटिंग प्रेस के नेटवर्क से यूपी पुलिस सिपाही भर्ती परीक्षा का पेपर लीक हुआ था. प्रिंटिंग प्रेस से निकलने के बाद क्वेश्चन पेपर को ट्रांसपोर्ट करने वाली कंपनी के द्वारा सॉल्वर के पास पहुंचाया गया था.

# आरक्षण को निष्क्रिय बनाने की हो रही कोशिश, बैकलॉग को लेकर मायावती ने सरकार को घेरा

**बसपा** सुप्रीमो मायावती ने कांशीराम को याद किया और उन्हें श्रद्धांजलि दी। शुक्रवार को कांशीराम की जयंती के अवसर पर मायावती ने सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने आरक्षण की व्यवस्था को निष्क्रिय, निष्प्रभावी बनाने की लगातार हो रही कोशिश को षड्यंत्र बताया और इसकी आलोचना की। उन्होंने कहा कि एस.सी./एस.टी,और ओबीसी को आरक्षण का लाभ देना तो दूर इनके बैकलॉग को भी नहीं भरा जा रहा है। इससे नीति निर्धारण में बहुजन समाज के लोगों की भूमिका गौण है। इसको बदलने का चिंतन व चुनावी प्रयास दोनों बहुत जरूरी हैं।

उन्होंने कहा कि कांशीराम के सम्मान में बसपा सरकार ने अनेकों स्मारक, स्थल, पार्क, विश्वविद्यालय, कालेज, अस्पताल के साथ नये जिले भी बनाए, जो उनके विरोधियों को कभी अच्छा नहीं लगा। उनकी सरकार बनते ही कई के नाम ही बदल डाले। कांशीराम नगर जिले का नाम बदला गया। ऐसे जातिवादी समाज, सांप्रदायिक एवं संकीर्ण सोच रखने वाली पार्टियों व उनके नेताओं से बहुजन समाज का हित व कल्याण की आशा करना रेगिस्तान में पानी तलाश से कम नहीं।

# स्कूल, स्वास्थ्य, आंगनबाड़ी केंद्रों की बदलेगी तस्वीर

* डीएमएफ से आधारभूत सुविधाओं का हो रहा विस्तार * 92 नवीन स्कूल भवन, 04 नए आदिवासी छात्रावास बनेंगे

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।

जिले में ऐसे स्कूल,आंगनबाड़ी केंद्र, स्वास्थ्य केंद्र जो जर्जर है। विद्युतविहीन है और पहुंचमार्ग का अभाव है। ऐसे स्कूल, आंगनबाड़ी केंद्र तथा स्वास्थ्य केंद्रों की तस्वीर जल्दी ही बदलने वाली है।

डीएमएफ अंतर्गत शासी परिषद द्वारा लिए गए निर्णय के पश्चात् विभागीय अधिकारियों से सर्वे कराकर स्कूल, आंगनबाड़ी, स्वास्थ्य केंद्रों में आवश्यक आधारभूत सुविधाओं को चिन्हित किया गया अपितु आमनागरिको से जुड़ी आवश्कताओं को और बेहतर बनाने का प्रयास भी किया जा रहा है। कलेक्टर द्वारा डीएमएफ अंतर्गत नवीन विद्यालयों की स्थापना सहित अनेक कार्यों की स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। स्कूल भवनों से संबंधित कार्यों का लेआउट भी तैयार कर लिया गया है और कार्य प्रारंभ भी कर दिए गए हैं। डीएमएफ से जिले के 07 नगरीय एवं 85 ग्रामीण क्षेत्रों में प्राथमिक तथा माध्यमिक नवीन विद्यालय स्थापना हेतु कुल 92 विद्यालय राशि 14 करोड़ 15 लाख 64 हजार 500 रूपए की स्वीकृति प्रदान की गई है। कलेक्टर द्वारा जिले से अत्यंत जर्जर एवं आवश्यकता वाले स्कूल भवनों की जानकारी मांगी गई थी। शिक्षा अधिकारी द्वारा दी गई जानकारी के आधार पर 92 नवीन विद्यालयों के लिए स्वीकृति प्रदान की गई है। नवीन विद्यालयों के स्थापना से विद्यार्थियों की बैठक व्यवस्था बेहतर होगी और उन्हें बेहतर शैक्षणिक माहौल भी उपलब्ध होगा। इसी तरह जिला खनिज न्यास मद से जिले के 48 ऐसे स्कूल, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, उप स्वास्थ्य केंद्रों में जहां तक पहुंचने के लिए पहुंचमार्ग का अभाव था एवं इन स्थानों में पहुंचमार्ग हेतु लगभग 02 करोड़

**48 स्कूल, स्वास्थ्य केंद्रों में बनेंगे पहुंचमार्ग**

55 लाख रूपए की स्वीकृति प्रदान की गई है। इसका भी ले-आउट तैयार कर कार्य प्रारंभ किया जा रहा है। डीएमएफ से जिले के उन सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में विद्युत सुविधाएं भी मुहैया कराने की कार्यवाही शुरू कर दी गई है, जहां आंगनबाड़ी केंद्र संचालित है लेकिन विद्युत उपलब्ध नहीं है। कलेक्टर ने छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी के अधिकारियों तथा महिला बाल विकास विभाग के अधिकारियों के माध्यम से आंगनबाड़ी केंद्रों में विद्युतीकरण हेतु आवश्यक निर्देश दिए हैं। कुल 1052 आंगनबाड़ी केंद्रों में विद्युतीकरण हेतु 28 लाख 63 हजार 382 रूपए की स्वीकृति प्रदान की गई है। डीएमएफ से डिंगापुर प्रयास विद्यालय परिसर में दिव्यांग बच्चों हेतु आवासीय छात्रावास स्थापना हेतु 01 करोड़ 43 लाख 53 हजार 800 रूपए की राशि की स्वीकृति प्रदान की गई है। इसी तरह चांपा.गेवरा रेल लाइन के लेवल क्रॉसिंग सुनालिया ज्वेलर्स के पास अंडरपास निर्माण हेतु 15 करोड़ 48 लाख 44 हजार 500 की स्वीकृति प्रदान की गई है। नगर पालिक निगम क्षेत्र अंतर्गत बाल सुधारगृह तक सीसी रोड, नाली, पार्किंग शेड आदि निर्माण के लिए 01 करोड 58 लाख 42 हजार की राशिए निगम क्षेत्र में सेंट्रल स्टोर से स्टेडियम चौक तक रेलिंग सहित डिवाइडर विद्युतीकरण कार्य हेतु 01 करोड़ 28 लाख की राशि स्वीकृत की गई है। निगम अंतर्गत कुल 18 कार्यों हेतु 11 करोड़ से अधिक की स्वीकृति विभिन्न विकास कार्यों हेतु डीएमएफ से स्वीकृत की गई है। साथ ही जनप्रतिनिधियों द्वारा अनुशंसित कार्यों की स्वीकृति दी गई है।

अनुसूचित जनजाति वर्गों के विद्यार्थियों हेतु बनेंगे 4 छात्रावास

अनुसूचित जिला कोरबा में अनुसूचित जनजाति वर्ग के बच्चों के शैक्षणिक विकास को ध्यान में रखते हुए

04 नए ट्रायबल छात्रावास की स्वीकृति भी खनिज न्यास मद से प्रदान की गई है। जिले के दूरस्थ क्षेत्र कुदमुरा, तुमान, सपलवा, पोड़ी-उपरोड़ा में छात्रावास प्रारंभ होने से अनुसूचित जनजाति वर्गों के विद्यार्थियों को ब्लॉक मुख्यालय में आवासीय सुविधा उपलब्ध होगी। इसमें रहकर दूरस्थ ग्रामीण अंचलों के विद्यार्थी बेहतर शिक्षा अर्जन कर सकेंगे। इसके लिए 06 करोड़ 99 लाख 38 हजार की स्वीकृति प्रदान की गई है।

### हाथी प्रभावित ग्रामों में सोलर हाइमास्ट लाइट की मिली स्वीकृति

कोरबा जिले के दूरस्थ वनांचल क्षेत्रों में आए दिन जंगली हाथी विचरण करते रहते हैं। जंगली हाथी वनांचल से आसपास के गांवों में भी पहुंचते हैं। इस दौरान फ सलों को नुकसान पहुंचाने के साथ ही ग्रामीणों पर भी हमला करते हैं। कटघोरा वनमण्डल की ऐसे 85 हाथी प्रभावित ग्रामों को चिन्हित किया गया है। इन स्थानों पर डीएमएफ मद से सोलर हाइमास्ट लाइट हेतु 04 करोड़ 57 लाख 11 हजार 470 रूपए की स्वीकृति प्रदान की गई है। क्रेडा के माध्यम से हाथी प्रभावित ग्रामों में सोलर हाइमास्ट लाइट लगाई जाएगी। सोलर हाइमास्ट लाइट से रोशनी होने पर ग्रामीण क्षेत्रों में हाथियों के विचरण पर भी अंकुश लगेगा।

## एक नजर

### प्राकृतिक आपदा में जनहानि के दो मामलों में प्रभावित परिजन हेतु 08 लाख की राशि स्वीकृत

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल ने प्राकृतिक आपदा में जनहानि के तीन मामलों में प्रभावित परिजन हेतु आरबीसी 6.4 के तहत् 08 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। जिसमें पत्थलगांव तहसील अंतर्गत ग्राम बुलडेगा निवासी धीर साय का डबरी के पानी में डूबने से 20 जून 2023 को मृत्यु हो जाने पर मृतक के निकटतम वारिस मृतक के पत्नी रामवती हेतु 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है। इसी प्रकार कुकरी चोली निवासी दया राम का तालाब के पानी में डूबने से 31 अगस्त 2023 को मृत्यु हो जाने पर मृतक के निकटतम वारिस मृतक के पत्नी कौशल्या हेतु 4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### आरबीसी 6-4 की सहायता राशि अब जिला कार्यालय से मृतक के वारिसान को सीधे बैंक खाते में होगी जारी

* कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने जारी किया आदेश

* बीते 6 माह में 20 प्रकरण निराकृत, परिजनों के खाते में 80 लाख रुपए जारी

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

आरबीसी 6-4 के प्रकरणों में आर्थिक सहायता की राशि अब मृतक के निकटतम/विधिक परिजन को सीधे बैंक खाते में जारी होगी। यह राशि अब जिला कार्यालय से जारी किया जाएगा। कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल ने इस संबंध में आदेश जारी किए हैं।

कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने आरबीसी 6-4 के प्रकरणों में हुई जनहानि के लिए आर्थिक सहायता मृतक के परिजनों के समय से मिले इसके लिए सभी प्रकरणों के समय-सीमा में निराकरण के लिए राजस्व अधिकारियों को समीक्षा बैठक के दौरान विशेष रूप से निर्देशित किया है। उन्होंने मृतक के परिजनों को राशि प्राप्त करने में असुविधा न हो इसके लिए जिला स्तर से सहायता राशि मृतक के परिजनों के खाते में अंतरित करने संबंधी आदेश भी जारी किया है

बीते 14 अक्टूबर से 14 मार्च के बीच आरबीसी 6-4 के 20 प्रकरणों का निराकरण कर 80 लाख रुपए की सहायता राशि परिजनों के खाते में डीबीटी किया गया है। इस संबंध में प्राप्त जानकारी अनुसार पानी में डूबने से 6 लोगों की मृत्यु हुई है। इनमें रायगढ़ विकासखंड के 3, घरघोड़ा के 2 एवं तमनार के 1 प्रकरण थे। इसी तरह सर्पदंश के 13 प्रकरणों में रायगढ़ एवं तमनार के 2-2, पुसौर, खरसिया, घरघोड़ा एवं लैलूंगा के 1-1 तथा धरमजयगढ़ के 5 प्रकरण तथा तहसील धरमजयगढ़ में लू-लगने से क्षति होने के 1 प्रकरण शामिल है।

### तेज रफ्तार कार ने स्कूटी को मारी टक्कर, युवक की मौत

**दुर्ग ।** दुर्ग में हिट एंड रन का मामला सामने आया है। हादसे में इलेक्ट्रिक स्कूटी सवार व्यक्ति को बलेनो कार ने जोरदार ठोकर मार दी और मौके से फरार हो गया। गंभीर रूप से घायल स्कूटी सवार व्यक्ति की अस्पताल पहुंचने के दौरान मौत हो गई। मोहन नगर पुलिस आरोपी कार चालक की तलाश में जुटी है।

बता दें कि शीतल नगर बोरसी निवासी राजू प्रसाद चौहान 42 वर्ष अपनी इलेक्ट्रिक स्कूटी नंबर सीजी 07 सीएन 6520 से अपनी भतीजी को लेने दुर्ग रेलवे स्टेशन जा रहा था। वह मालवीय नगर चौक क्रॉस कर रहा था। तभी दुर्ग से भिलाई की तरफ जा रही बलेनो कार नंबर सीजी 07 बीजी 4001 में सवार व्यक्ति ने जोरदार ठोकर मार दी। ठोकर इतनी जोरदार थी कि कार का दोनों एयरबैग खुल गया।

### जिले के सभी आहरण संवितरण अधिकारी 22 तक जिला कोषालय में जमा करेंगे चेकबुक

**महासमुंद ।** जिला कोषालय अधिकारी श्री संजय चौधरी ने बताया कि जिले के सभी आहरण संवितरण अधिकारी 22 मार्च 2024 तक चेकबुक जिला कोषालय में जमा करेंगे। उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2023-24 के समस्त प्रकार के देयक 22 मार्च तक ही जिला कोषालय महासमुंद में स्वीकार किये जायेंगे एवं छत्तीसगढ़ शासन वित्त विभाग के अनुसार कार्य विभाग के चेकबुक 22 मार्च तक ही जिला कोषालय महासमुंद में जमा करेंगे। उन्होंने कहा कि निर्देशों का पालन करते हुए निर्धारित समयावधि में बजट संबंधी देयक कोषालय एवं उपकोषालय में जमा करें एवं कार्य विभाग चेकबुक जमा करें ताकि समयावधि में निराकरण हो सके।

### अवैध शराब निर्माण एवं विक्रय के विरुद्ध कार्यवाही

**महासमुंद ।** अवैध शराब निर्माण एवं विक्रय के विरुद्ध कार्यवाही करने के सम्बन्ध में ग्राम मेमरा थाना पिथौरा में चमरु यादव उम्र 47 वर्ष के कब्जे की विधिवत तलाशी लिए जाने से पांच लीटर क्षमता वाली दो नग प्लास्टिक जरकन में भरी हाथ भट्टी अवैध महुआ शराब मात्रा 10 लीटर एवं 21 नग देशी प्लेन पाव में भरी मदिरा मात्रा 3.78 लीटर कुल मात्रा 13.78 लीटर जब्त किया गया। आरोपी के विरुद्ध धारा 34(1)(क), 34(2), 59(क) के तहत प्रकरण कायम कर गिरफ्तार किया गया एवं माननीय न्यायालय पिथौरा से रिमांड प्राप्त कर जेल दाखिल कराया जाएगा। उक्त कार्रवाई आबकारी वृत्त बसना के आबकारी उपनिरीक्षक नितेश बैस के विशेष मार्गदर्शन में वृत्त पिथौरा प्रभारी आबकारी उपनिरीक्षक अनिल कुमार झारिया द्वारा संयुक्त कार्यवाही की गई। उक्त कार्यवाही के दौरान कुंजराम ध्रुव मुख्य आरक्षक, संजय मरकाम आरक्षक एवं समस्त आबकारी स्टाफ पिथौरा/बसना उपस्थित थे।

### तारमिस्त्री परीक्षा के लिए 30 अप्रैल तक आवेदन आमंत्रित

**कांकेर ।** छत्तीसगढ़ शासन ऊर्जा विभाग के अधीन कार्यालय कार्यपालन अभियंता (विद्युत सुरक्षा) एवं संभागीय विद्युत निरीक्षक संभाग-जगदलपुर के कार्य क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले बस्तर, कोण्डागांव, कांकेर, बीजापुर, दंतेवाड़ा, नारायणपुर, धमतरी, महासमुंद एवं सुकमा जिले के समस्त इच्छुक व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि वर्ष 2024-25 हेतु तारमिस्त्री परीक्षा का आयोजन माह जुलाई-2024 में किया जायेगा। उक्त परीक्षा हेतु इच्छुक अभ्यर्थियों से आवेदन पत्र आगामी 01 अप्रैल से 30 अप्रैल 2024 तक कार्यालय कार्यपालन अभियंता (विद्युत सुरक्षा) एवं संभागीय विद्युत निरीक्षक संभाग-जगदलपुर, पंडित दीनदयाल उपाध्याय वार्ड क्रमांक-19 आजाद चौक, जगदलपुर (छत्तीसगढ़) पिन-494001, दूरभाष नंबर 07782-221019 के पते पर आमंत्रित किया गया है।

# मतदान प्रतिशत बढ़ाने की दिशा में चलाएं मतदाता जागरूकता कार्यक्रम

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।



जिला स्तरीय स्वीप कोर कमेटी की बैठक आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में नोडल अधिकारी संबित मिश्रा ने कमेटी के सभी सदस्यों को स्वीप की गतिविधियां आयोजित करने के साथ ही मतदान का प्रतिशत बढ़ाने मतदाता जागरूकता अभियान नियमित रूप से संचालित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बिना किसी दबाव व प्रलोभन के निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से मतदाताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग करने जागरूक किया जाए। जिला पंचायत के सीईओ एवं नोडल अधिकारी स्वीप मिश्रा ने विगत विधानसभा निर्वाचन के दौरान शहरी क्षेत्रों में मतदान का प्रतिशत कम रहने के कारणों पर चर्चा की और शहरी मतदाताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग करने तथा लोकतंत्र के निर्माण में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को बताते हुए मतदान के लिए प्रेरित करने कहा।




उन्होंने बैनर, पोस्टर, नारे सहित चित्रकला एवं अन्य गतिविधियों के माध्यम से स्वीप की गतिविधियों को लक्षित समूह तक पहुंचाने, शासकीय, निजी एवं सार्वजनिक क्षेत्रों के उपक्रमों से जुड़े अधिकारियोंए कर्मचारियों की भागीदारी सुनिश्चित करते हुए उन्हें मतदान हेतु प्रेरित करने के संबंध में निर्देश दिए। बैठक में स्कूल.कॉलेज, एनसीसी, एनएसएस, स्काउट.गाइड के विद्यार्थियों के माध्यम से भी कार्यक्रम का आयोजन करने, नुक्कड़.नाटक, रैली आदि के माध्यम से भी सबकी सहभागिता बढ़ाते हुए मतदाता जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए गए। उन्होंने पोस्टल बैलेट के लिए जागरूक करने तथा समय पर पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान करने, सोशल मीडिया के माध्यम से मतदाता जागरूकता अभियान चलाने, उत्सव एवं महत्वपूर्ण त्यौहार में स्वीप की गतिविधियों को जोड़कर कार्यक्रम आयोजित करने, समय पर मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वाने सहित असंगठित क्षेत्रों के कर्मचारियों को मतदान के लिए प्रेरित करने के संबंध में निर्देश दिए। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी सीमा पात्रे, सीएमएचओ डॉ.एस एन केसरी, प्राचार्य डॉ. साधना खरे, बलराम कुर्रे सहित समिति के सदस्य उपस्थित थे।

## मौसमी बीमारियों की रोकथाम एवं बचाव के लिए आवश्यक तैयारी पूर्ण रखें

**कांकेर ।** कलेक्टर अभिजीत सिंह की अध्यक्षता में मौसमी बीमारियों से बचाव, रोकथाम व नियंत्रण के लिए अंतर्विभागीय समन्वय बैठक आज जिला कार्यालय के सभाकक्ष में संपन्न हुई। बैठक में ग्रीष्म एवं वर्षा ऋतु में संक्रामक बीमारियों के बढ़ने की आशंका को देखते हुए बीमारियों से बचाव एवं रोकथाम करने विभिन्न उपायों पर चर्चा की गई। कलेक्टर ने कहा कि संक्रामक बीमारियों से बचाव के लिए आवश्यक दवाइयों की उपलब्धता सहित सभी तैयारियां पूर्ण रखें। उन्होंने आगामी गर्मी के मौसम में ग्रामीण क्षेत्रों में मनरेगा के तहत चल रहे निर्माण कार्यों के दौरान श्रमिकों के लिए पेयजल की व्यवस्था के साथ-साथ ओआरएस और फर्स्ट एड बॉक्स रखने के भी निर्देश दिए। इसके अलावा सभी स्कूलों में भी ओआरएस और हाथ धोने के लिए हैण्डवॉश अथवा साबुन की उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा। आज दोपहर को आयोजित बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अविनाश खरे ने बताया कि राज्य शासन द्वारा ग्रीष्म ऋतु में संक्रामक बीमारियों से बचाव, रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए जारी निर्देशानुसार जिला एवं विकासखंड स्तर पर 45 रैपिड रेस्पांस टीम का गठन किया गया है। उन्होंने बताया कि जिले में पहुंचविहीन एवं महामारी संभावित ग्रामों का चिन्हांकन कर वहां वर्षा ऋतु में बीमारियों के उपचार हेतु दवाईयों का संधारण करते हुए सभी स्वास्थ्य केन्द्रों एवं मितानिनों तक आवश्यक दवाईयों की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। साथ ही जिला अस्पतालों, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में भी मौसमी बीमारियों के जांच के साथ उपचार हेतु बिस्तर की व्यवस्था है।

# बिलाईगढ़ क्षेत्र के सेक्टर आफिसरों को प्रशिक्षण दिया गया

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़ बिलाईगढ़।



कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धर्मेश कुमार साहू के निर्देश पर जनपद पंचायत बिलाईगढ़ के सभाकक्ष में सहायक रिटर्निंग अधिकारी डॉ. स्निग्धा तिवारी की उपस्थिति में बिलाईगढ़ क्षेत्र के सामान्य और पुलिस सेक्टर आफि सरों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में जिला मास्टर ट्रेनर चूडामणी गोस्वामी और जे आर बंजारे ने निर्वाचन की प्रारंभिक प्रक्रिया, निर्वाचन के पूर्व दिवस की तैयारी, प्रशिक्षण प्राप्त करना, सामग्री प्राप्त करना,सामग्री का मिलान करना, ईव्हीएम, बीयू, सीयू एवं व्हीव्हीपैट की सरल क्रमांक, सही स्थिति, निर्धारित मतदान केन्द्र का ही है, का मिलान करना। समस्त प्रपत्र की पूर्व तैयारी, आवश्यकतानुसार प्रारंभिक प्रविष्टि के बारे में जानकारी दी। मास्टर ट्रेनर जेआर बंजारे ने मतदान दिवस के बारे में बताया कि मतदान के 90 मिनट पूर्व मॉक पोल मतदान, ईव्हीएम मशीन की गुणवत्ता की परीक्षण करना, सभी खुले बटन को एकबार निश्चित रूप से परीक्षण करना ही है और कम से कम 50 वोट निश्चित रूप से दबना चाहिए। घोषणा के साथ वास्तविक मतदान के लिए मशीन की सीलिंग करेगा। वास्तविक मतदान के लिए मशीन प्रातः 7 बजे पूर्व तैयार कर मतदान दल के सभी सदस्य निर्धारित स्थल में बैठकर अपना दायित्व सम्हालते हुए कार्य संपादित करेंगे। मास्टर ट्रेनर चूडामणि गोस्वामी ने बताया कि निविदा मत टेंडर वोट, की स्थिति, रिपोर्टिंग आदि की जानकारी दी। मतदान समाप्ति के 15 मिनट पूर्व मतदाता मतदान करने के लिए शेष होने पर टोकन वितरण कर मतदान जारी रखेंगे। अंतिम मतदाता के बाद बंद क्लोज बटन दबाया गया का, अंतिम घोषणा करेंगे। उन्होंने बताया कि लिफाफा परिनियत में 5 प्रकार की जानकारी देंगे। अपरिनियत लिफ ाफा में 11 प्रकार की जानकारी देंगे। तीसरा लिफ ाफा में अन्य समस्त बचत दस्तावेज को शामिल करना है। प्रपत्र खुली स्थिति में रिकार्ड किए गए मतों की लेखा, पीठासीन अधिकारी की डायरी, घोषणाएं, डाकमत पत्र के बारे में समस्त सेक्टर अधिकारी को विस्तृत जानकारी दी गई।

# जिला न्यायाधीश श्री अरविंद कुमार सिन्हा द्वारा गठित मॉनिटरिंग कमेटी की प्रथम बैठक आयोजित

हिट एंड रन प्रकरणों में आहत, पीड़ित पक्ष को मुआवजा प्राप्त होने के विषय पर निगरानी हेतु गठित की गई कमेटी

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा रिट पीटिशन (सिविल) क्रमांक 295/2012 एस.राजासीकरन विरूद्ध यूनियन ऑफ इंडिया में पारित आदेश के परिपालन में अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/जिला न्यायाधीश श्री अरविंद कुमार सिन्हा द्वारा गठित मॉनिटरिंग कमेटी की प्रथम बैठक जिला न्यायालय के सभागार में आयोजित की गई। उक्त कमेटी सभी हिट एंड रन प्रकरणों में आहत/पीड़ित पक्ष को मुआवजा प्राप्त होने के विषय पर निगरानी हेतु गठित की गई है।

उक्त विषय पर श्रीमती स्मिता श्रीवास्तव सिन्हा, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जानकारी दी गई की जानकारी के अभाव में लोग उक्त योजना का लाभ नहीं उठा पा रहे। हिट एंड रन दुर्घटनाओं के पीडितों के लिए केंद्र सरकार द्वारा बनाई गई योजना के तहत मुआवजा देने की निराशाजनक दर को ध्यान में रखने हुए माननीय सुप्रीम कोर्ट ने कई निर्देश जारी किए गए है।

मोटर वाहन अधिनियम 1988 की धारा 161 के अनुसार, केद्र सरकार ने हिट एंड रन मोटर दुर्घटना पीडितों के लिए मुआवजा योजना, 2022 बनाई है, जो 1 अप्रैल, 2022 से प्रभावी है। इस योजना के अनुसार, जिसमें सड़क दुर्घटनाकारित वाहन की पहचान नहीं की जा सकती, क्रमशः 2 लाख और 50000 रूपये का भुगतान किया जाता है। उक्त मॉनिटरिंग कमेटी का यह कार्य होगा की वह ऐसे हिट एण्ड रन मामले जिसमें आहत या मृत्यु की दशा में उसके आश्रितों द्वारा योजना के अधीन क्षतिपूर्ति का दावा नहीं किया गया है उन्हें योजना की उपलब्धता के बारे में सूचित करें और दावे दायर करने में सहायता करे उक्त योजना में मुख्य प्रावधान है कि यदि दुर्घटना में शामिल वाहन का विवरण क्षेत्राधिकार पुलिस स्टेशन द्वारा दुर्घटना के संबंध में रिपोर्ट दर्ज करने के समय उपलब्ध नहीं है और यदि, उचित प्रयास करने के बाद भी दुर्घटना में शामिल वाहन का विवरण उपलब्ध नहीं हो सका है तो दुर्घटना रिपोर्ट दर्ज होने की तारीख से एक महीने की अवधि के भीतर पुलिस द्वारा सुनिश्चित किया जाएगा, की मामला योजना के अंतर्गत आता है। पुलिस स्टेशन का प्रभारी अधिकारी घायल या मृतक के कानूनी प्रतिनिधियों, जैसा भी मामला हो, उसको लिखित रूप में सूचित करेगा कि योजना के तहत मुआवजे का दावा किया जा सकता है। पुलिस द्वारा घायलों या मृतक के कानूनी प्रतिनिधियों को, जैसा भी मामला हो, संपर्क विवरण जैसे ई-मेल आईडी और क्षेत्राधिकार दावा जांच अधिकारी का कार्यलय पता प्रदान किया जाएगा।

पुलिस स्टेशन का प्रभारी अधिकारी दुर्घटना की तारीख से एक महीने के भीतर योजना के खंड 21 के उप-खंड (1) में दिए गए अनुसार एफएआर को दावा जांच अधिकारी को अग्रेषित करेगा। उक्त रिपोर्ट की कॉपी अग्रेषित करने समय चोट के मामले में पीडितों के नाम और मृत पीडित के कानूनी प्रतिनिधियों के नाम (यदि पुलिस स्टेशन के पास उपलब्ध हो) भी क्षेत्राधिकार वाले दावा जांच अधिकारी को भेजे जाएंगे, जो इसे अलग रजिस्टर में दर्ज किया जाए। दावा जांच अधिकारी द्वारा पूर्वोक्त एफएआर और अन्य विवरण प्राप्त होने के बाद यदि दावा आवेदन एक महीने के भीतर प्राप्त नहीं होता है तो दावा जांच अधिकारी द्वारा संबंधित जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को दावेदारों से संपर्क करने और दावा ओवेदन दाखित करने में उनकी सहायता करने अनुरोध के साथ जानकारी प्रदान की जाएगी।

प्रत्येक जिला स्तर पर मॉनिटरिंग समिति का गठन किया जाएगा, जिसमें जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव, जिले के दावा जांच अधिकारी या, यदि एक से अधिक है, तो राज्य सरकार द्वारा नामित दावा जांच अधिकारी शामिल होगे।

पुलिस अधिकारी, जो पुलिस डिप्टी सुपरिटेडेंट के स्तर से नीचे का न हो, जिसे जिला पुलिस सुपरिटेंडेंट द्वारा नामित किया जा सके। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव मॉनिटरिंग समिति संयोजक होंगे। जिले में योजना के कार्यान्वयन और उपरोक्त निर्देशों के अनुपालन की निगरानी के लिए समिति हर दो महीने में कम से कम एक बार बैठक करेगी। दावा जांच अधिकारी यह सुनिश्रित करेगा कि उसकी सिफारिश और अन्य दस्तावेजों वाली रिपोर्ट विधिवत भरे हुए दावा आवेदन की प्राप्ति से एक महीने के भीतर दावा निपटान अधिकारी को भेज दी

# समेकित कृषि प्रणाली द्वारा किसानों की दोगुनी आय पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

जोहार छत्तीसगढ़–जशपुरनगर।






भारत सरकार द्वारा प्रायोजित अनुसूचित जनजाति उपयोजना के अंतर्गत भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद का पूर्वी अनुसंधान परिसरए कृषि प्रणाली का पहाड़ी एवं पठारी अनुसंधान केंद्र, रांची, झारखंड द्वारा ष्समेकित कृषि प्रणाली द्वारा किसानों की दोगुनी आय विषय पर 12 से 14 मार्च 2024 तक कुनकुरी विकासखण्ड के ग्राम कनडोरा में आयोजित तीन दिवसीय कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस तीन दिवसीय कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम के संचालक एवं छत्तीसगढ़ में चलाई जा रही अनुसूचित जनजाति उपयोजना के प्रभारी तथा अनुसंधान केंद्र, रांची के प्रमुख वैज्ञानिक डॉ. बाल कृष्ण झा ने कहा कि समेकित कृषि प्रणाली से दोगुनी आय पर यह प्रशिक्षण किसानों के लिए काफी लाभदायक है एवं उन्होंने कृषि की वैज्ञानिक तकनीक को अपनाकर अपनी आमदनी दोगुनी करने की वचन बद्धता को दोहराया। उन्होंने कहा कि किसानों को इस प्रशिक्षण के पश्चात परंपरागत कृषि से निकलकर वैज्ञानिक विधि से जुड़ने की आवश्यकता है जिससे कृषि व्यवसाय उनके जीविकोपार्जन में सार्थक साबित होगा। इस प्रशिक्षण की अवधि में किसानों को प्रोजेक्टर के माध्यम से समेकित कृषि प्रणाली से संबंधित वैकल्पिक आय अर्जन हेतु मशरूम उत्पादन की विधि, मधुमक्खी पालन, वर्मीकंपोस्ट निर्माण, सब्जियों की पौधशाला तैयार करने की प्रो ट्रे द्वारा प्रायोगिक विधि, बकरीपालन, मुर्गीपालन एवं बत्तखपालन की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इस तीन दिवसीय प्रशिक्षण में कुल 12 वक्ताओं ने व्याख्यान दिया जिसमें किसानों को समेकित कृषि प्रणाली, टपक विधि सिंचाई द्वारा आधुनिकतम खेती तथा जल संचयन की तकनीक, खाद्यान्न एवं मोटे अनाज आधारित समेकित कृषि, जलवायु परिवर्तन का कृषि पर प्रभाव एवं उपाय, फसलों में लगने वाली कीट एवं व्याधियां तथा उनका नियंत्रण आदि विषयों पर जानकारी प्रदान की गई। इस प्रशिक्षण में किसानों को पशु आधारित, बागवानी आधारित समेकित कृषि तकनीक एवं इसके लाभ पर विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। प्रशिक्षण में कुनकुरी विकासखंड के भुरसा, रायकेरा, गिरिडीह, गरडीपा, कनडोरा, भुमरा, सरनाटोली एवं सलियाटोली गांवों के कुल 50 अनुसूचित जनजाति के किसान लाभान्वित हुए।

इस तीन दिवसीय प्रशिक्षण में किसानों को प्रशिक्षण प्रमाणपत्र के साथ अनुसंधान केन्द्र, रांची द्वारा विकसित सब्जियों टमाटर, नेनुआ, झींगी के उन्नत किस्म के बीज तथा गरमा फसलों की खेती हेतु मूंग, उरद, बोदी के बीज प्रदान किए गए। प्रशिक्षण समापन समारोह के मुख्य अतिथि डॉ.एके मारकाम, उप निदेशक, पशुपालन विभाग, जशपुर ने किसानों को राज्य सरकार के पशुपालन विभाग की विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाने हेतु योजनाओं को विस्तार से बताया। इस क्रम में पशुपालन विभाग, जशपुर के पशु चिकित्सक डॉ. पटेल ने किसानों को पशुपालन विभाग की विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ने किसानों को प्रमाणपत्र एवं मिनी किट वितरित किया। केन्द्र की वैज्ञानिक डॉ. रीना कुमारी कमल ने किसानों पशुओं मे लगने वाले रोग एवं उनके निदान पर विस्तृत जानकारी प्रदान की एवं किसानों का आह्वान किया कि उन्नत नस्लों के पशुओं का पालन करें एवं अपनी आय को दोगुनी करें। कार्यक्रम में कृषि विभाग के कमलेश कुमार पेंकराए वरिष्ठ कृषि विकास पदाधिकारी ने जशपुर ने किसानों को कृषि विभाग द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं से जुड़ने का आह्वान किया। प्रशिक्षण के दौरान किसानों ने काफी प्रसन्नता व्यक्त की और कहा कि इस प्रकार का प्रशिक्षण आज तक इस गांव में आयोजित नहीं हुआ और इसके लिए उन्होंने भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद की अनुसंधान संस्था एवं भारत सरकार द्वारा प्रायोजित अनुसूचित जनजाति उपयोजना का विशेष आभार प्रकट किया। इस कार्यक्रम में केन्द्र के अनुसंधान सहायक सौम्य सुंदर तिवारी ने भी किसानों को समेकित कृषि प्रणाली की जानकारी दी।

## एक नजर

### जिले के प्रभारी मंत्री टंकराम वर्मा आज सारंगढ़ में करेंगे समीक्षा

जोहार छत्तीसगढ़–सारंगढ़।



राजस्व, खेलकूद एवं युवा कल्याण सहित सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के प्रभारी मंत्री टंकराम वर्मा 16 मार्च 2024 को कलेक्टोरेट सारंगढ़ के सभाकक्ष में समीक्षा बैठक लेंगे। बैठक में जिले के स्थानीय जनप्रतिनिधि, प्रभारी जिला अधिकारी आदि उपस्थित रहेंगे।

### वन मंत्री केदार कश्यप 16 मार्च को कोरबा प्रवास पर

जोहार छत्तीसगढ़–कोरबा।

वन एवं जलवायु परिवर्तन, जल संसाधन, कौशल विकास तथा सहकारिता विभाग मंत्री केदार कश्यप 16 मार्च को कोरबा प्रवास पर रहेंगे। वे रायपुर से प्रातः 10 बजे हेलीकॉप्टर से प्रस्थान कर प्रातः 10:45 बजे कोरबा एसईसीएल मुड़ापार हेलीपेड पहुंचेंगे। दोपहर 12:30 बजे वे कोरबा से कोण्डागांव जिला के लिए हेलीकॉप्टर से प्रस्थान करेंगे।

### प्रतिदिन स्वास्थ्य जांच, सामान्य सीजेरियन प्रसव अन्य सर्जरी तथा सोनोग्राफी की सुविधा उपलब्ध

रानी धनराज कुंवर शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कोरबा में उपचार की सुविधा

जोहार छत्तीसगढ़–कोरबा।

जिले के रानी धनराज कुंवर देवी शहरी सामु. स्वास्थ्य केन्द्र कोरबा में विभिन्न चिकित्सा सुविधाओं में निरंतर बढ़ोतरी हो रही है। इस चिकित्सालय में विभिन्न विषयों के विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति तथा अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई गई है। लोगों को बेहतरीन स्वास्थ्य उपलब्ध कराने के लिए रानी धनराज कुंवर शहरी सामु स्वास्थ्य केन्द्र कोरबा में 2 स्त्री रोग विशेषज्ञ, 1 सर्जरी विशेषज्ञ, 1 रेडियोलॉजिस्ट प्रत्येक शनिवार, दंत चिकित्सक, जनरल चिकित्सा अधिकारी, आरएमए तथा अन्य कर्मचारी पदस्थ है। यहाँ प्रतिदिन सामान्य प्रसवध्सिजेरियन प्रसव तथा अन्य सर्जरी की सुविधा तथा अन्य उपचार की सुविधा उपलब्ध है। डॉ. प्रभात पाणीग्रही सर्जरी स्पेशलिस्ट अपनी सेवाएं दे रहे है तथा डॉ. राकेश अग्रवाल रेडियोलाजिस्ट के द्वारा प्रत्येक शनिवार सोनोग्राफी किया जाता है। इसी तरह रानी धनराज कुंवर देवी शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में दंत चिकित्सा सुविधा, एक्स-रे पैथोलॉजी जांच आयुर्वेदिक सेवाये तथा अन्य सुविधाएं उपलब्ध है। रानी धनराज कुंवर देवी शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कोरबा में प्रतिदिन सर्जरी की सुविधा उपलब्ध है। जिन्हे कोई स्वास्थ्यगत परेशानी है वे रानी धनराज कुंवर देवी शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कोरबा में उपस्थित होकर निःशुल्कध्आयुष्मान कार्ड से सर्जरी इलाज करा सकते है।

### दो माह का राशन अप्रैल माह में मिलेगा एक मुश्त

जोहार छत्तीसगढ़–कोरबा।

सार्वजनिक वितरण प्रणाली अंतर्गत राशन कार्डधारियों को अप्रैल एवं मई माह का एक मुश्त राशन अप्रैल माह में प्रदान किया जाएगा। खाद्य शाखा कोरबा से प्राप्त जानकारी के अनुसार खरीफ विपणन वर्ष 2023.24 के कस्टम मिलिंग के पश्चात् चांवल उपार्जन के लिए गोदामों में पर्याप्त स्थान की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए राज्य शासन द्वारा निर्णय लिया गया है कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली एवं सार्वभौम पीडीएस अंतर्गत सभी प्रचलित राशन कार्ड धारियों को माह अप्रैल एवं मई 2024 हेतु पात्रता अनुसार चांवल का वितरण अप्रैल महीने में ही किया जाएगा। कलेक्टर द्वारा एकमुश्त खाद्यान्न वितरण समय पर किए जाने हेतु ग्राम पंचायत एवं नगरीय क्षेत्रों के उचित मूल्य दुकानों में आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। माह अप्रैल में दुकानों में नागरिक आपूर्ति निगम द्वारा भण्डारित खाद्यान्नों का भौतिक सत्यापन निगरानी समिति के माध्यम से कराने एवं भण्डारित खाद्यान्न का किसी प्रकार से अफरा-तफरी एवं व्यपवर्तन न हो, यह भी सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया है। राशन कार्डधारियों को दो माह का खाद्यान्न एक मुश्त वितरण किए जाने के संबंध में व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए गए हैं। चांवल को छोड़कर शेष राशन सामग्री नमक, शक्कर, केरोसिन एवं चना का वितरण माहवार पात्रता अनुसार ही किया जाएगा। जिले के प्रत्येक उचित मूल्य दुकान हेतु चांवल उत्सव की तिथि का निर्धारण कर उत्सव के दिन राशन कार्डधारियों को दो माह का चांवल वितरण करने निर्देशित किया गया है।

# पुलिस प्रशासन के द्वारा लगाया गया जन समस्या निवारण शिविर



**किरंदुल।** जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के तत्वाधान ग्राम गुमिया पाल थाना किरंदुल क्षेत्र अंतर्गत जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन रखा गया था जिसमें जिला प्रशासन की ओर से ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण चेकअप इलाज वास्ते स्वास्थ्य विभाग से मेडिकल टीम का कैंप लगाया गया था तथा ग्रामीणों की सुविधा हेतु ग्राम गुमियापाल में ही आयुष्मान कार्ड व आधार कार्ड बनाने हेतु कैम्प लगाया गया था। एवं पुलिस विभाग द्वारा सिविक एक्शन लगाकर ग्रामीणों की दैनिक उपयोगी सामग्रियों का वितरण किया गया जिसमें ग्रामीणों के लिए गंजी बर्तन साड़ी लूंगी लोअर शर्ट महिलाओं एवं पुरुषों के लिए चरण पादुका छतरी खेल सामग्री फुटबॉल वॉलीबॉल क्रिकेट किट ग्रामीण एवं स्कूली बच्चों को वितरित किया गया। इस मौके पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राम कुमार बर्मन ने हॉस्टल मे रह रहे बच्चों से जा कर मुलाक़ात की और बच्चों से उनकी शिक्षा के बारे मे जानकारी ली और पुरुस्कृत भी किया और साथ साथ बच्चों से आगे भविष्य मे आगे किस छेत्र मे आगे जाना चाहते है की जानकारी भी ली


आज की इस कार्यक्रम मे

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राम कुमार बर्मन,, उप पुलिस अधीक्षक गोविंद दीवान, तहसीलदार बड़े बचेली जीवेश शोरी, थाना प्रभारी किरंदुल प्रहलाद कुमार साहू, रक्षित निरीक्षक सुनील नोटियाल, भीमाराम मिडियामी सरपंच ग्राम पंचायत गुमियापाल एवं अन्य थाना किरंदुल व रक्षित केंद्र के स्टॉप उपस्थित रहे।

# जिला स्तरीय स्वीप कोर समिति की बैठक आयोजित

## जिले में नागरिकों को मतदान जागरूकता हेतु विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर जागरूकता अभियान चलाने पर दिया जोर

जोहार छत्तीसगढ़–जशपुरनगर।



जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार एवं समन्वयक, अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रदीप कुमार साहू ने आगामी लोकसभा चुनावों में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए और मतदाताओं को जागरूक करने हेतु प्रशासन द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करने स्वीप कोर कमेटी की कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बैठक ली। बैठक में जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार ने पिछले विधानसभा चुनाव में जिन मतदान केंद्रों में मतदान प्रतिशत कम रहा उनकी जानकारी ली तथा संबंधित अधिकारियों को विशेष कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी की सहभागिता से मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करना है। मतदाताओं को मतदान के दिन कोई भी मतदाता वोट करने से वंचित न रहे इसके लिए एनसीसीए एनएसएस के विद्यार्थी प्रेरित करें। मतदाताओं को जागरूक करने के लिए विभिन्न गतिविधियों के आयोजन के निर्देश दिए। जिसमें मतदान प्रक्रिया पर पंचायत का आयोजनए नगर के चौक चौराहों पर रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन, छात्र-छात्रओं को मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से उनके अधिकार और कर्तव्यों के बारे में जागरूक करना, महाविद्यालय स्तर पर विद्यार्थियों के बीच निर्वाचन संवाद आयोजित करके लोकतंत्र के महत्व एवं वाद विवाद प्रतियोगिता कराने, नुक्कड़, नाटक आयोजित कर पूरी प्रक्रिया की जानकारी देते हुए जागरूक करने के निर्देश दिए। उन्होंने चौक चौराहों में होर्डिंग लगाने एवं तहसील, पंचायत, नगर पालिका, हॉस्पिटल सहित सभी कार्यालय में स्वीप जागरूकता कार्यक्रम हेतु पोस्टर लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने कमेटी के सदस्यों को स्वीप कार्यक्रम हेतु कैलेंडर बनाने कहा। जिससे बेहतर गतिविधियां सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने नगर पंचायत एवं नगर पालिका क्षेत्र में प्रभारी नियुक्त करने के निर्देश दिए तथा वार्ड में नुक्कड़ नाटक आयोजित कर मतदाताओं को मतदान हेतु जागरूक करें। उन्होंने स्लोगन राइटिंग, वॉल राइटिंग आदि करने कहा। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रदीप कुमार साहू ने मतदान प्रतिशत बढ़ाने जागरूकता अभियान चलाने पर जोर देते हुए कहा कि इसके लिए बेहतर कार्य योजना बनाएं तथा जहां कम मतदान प्रतिशत हुआ वहां बीएलओ, पंचायत सचिव, स्थानीय शिक्षकों से जानकारी संग्रहित कर मतदान प्रतिशत हेतु आवश्यक कार्य योजना बनाने की निर्देश दिए। उन्होंने मतदान दिवस के दिन एनएसएस एएनसीसी, स्काउट गाइड के छात्रों से दिव्यांग जनों को सहयोग के लिए व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में स्वीप कोर कमेटी के सदस्य उपस्थित थे।



# ग्राम रेड़ा के विष्णुमहायज्ञ में किया रामलला दर्शन कैलेंडर का वितरण

जोहार छत्तीसगढ़–सारंगढ़ बिलाईगढ़।



सारंगढ़ अंचल में विष्णुमहायज्ञ का आयोजन विगत कई दशकों से किया जा रहा है। 26 जनवरी को सारंगढ़ में विष्णु महायज्ञ का आयोजन किया गया था। इसी प्रकार राष्ट्रीय स्तर के जाने माने संत दिवंगत रामदास मौनी बाबा के द्वारा 1970-80 के दशक में ग्राम रेड़ा में प्रारंभ किए गए विष्णु महायज्ञ का इस वर्ष प्रारंभ गुरूवार को कलश यात्रा से किया गया। वहीं स्थापना के बाद द्वितीय दिवस की सुबह स्थानीय यजमान जगन्नाथ वर्मा, लक्ष्मीनारायण और लालाराम यादव के साथ यज्ञ का पूजा किया गया। इस अवसर पर प्रभारी जिला जनसंपर्क अधिकारी देवराम यादव के द्वारा रामलला दर्शन के कैलेंडर का वितरण किया गया। आयोजक लाला यादव ने जिले के सभी भजन मंडली को भजन कीर्तन के लिए आमंत्रित किया है। उल्लेखनीय है कि ग्राम रेड़ा में 22 मार्च तक यह यज्ञ का आयोजन किया गया है, जिसमें रामदास मौनी बाबा के समय अखाड़ा के साधु सन्यासी बड़ी संख्या में आकर प्राचीन गुरूकुल परंपरा अनुसार विष्णुमहायज्ञ करते थे।



# लोकतंत्र में आमनागरिक का सबसे बड़ा हथियार है ज्ञान-जिला सत्र न्यायाधीश साहू

## उपभोक्ता अपने हितों व अधिकारों के प्रति रहे सजग- कलेक्टर

जोहार छत्तीसगढ़–कोरबा।




### कलेक्ट्रेट में मनाया गया विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस

विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस के अवसर पर जिला व सत्र न्यायाधीश सत्येंद्र कुमार साहू की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में उपभोक्ताओं को जागरूक बनाने के उद्देश्य से कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा एवं उनके अधिकारों के प्रति जागरूक बनाने की दिशा में प्रभावी कार्य करने हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए। कार्यक्रम में कलेक्टर अजीत वसंत, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शीतल निकुंज, जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग की अध्यक्ष रंजना दत्ता, सदस्य सुश्री ममता दास, पंकज कुमार देवड़ा,खाद्य अधिकारी आशीष चतुर्वेदी सहित नापतौल विभाग, चिकित्सा विभाग सहित जिला चेम्बर ऑफ कामर्स के सदस्य, जिला अधिवक्ता संघ, बैक एवं बीमा कंपनी के अधिकारी, स्कूल एवं कॉलेज के छात्र-छात्राएं एवं अन्य संस्था के सदस्य तथा आमजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि साहू कलेक्टर वसंत सहित अन्य अतिथियों द्वारा छत्तीसगढ़ महतारी की छायाचित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। जिला व सत्र न्यायाधीश साहू ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सभी को उपभोक्ता दिवस की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि आयोजन का मुख्य उद्देश्य उभोक्ताओं या ग्राहकों को उनके हितों के लिए बनाए गए उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम और उसके अंतर्गत आने वाले कानूनों की जानकारी देना है। मौजूदा समय में उपभोक्ता को अधिकारों के प्रति सचेत व जागरूक होना आवश्यक है। जिससे वह अपने साथ धोखाधड़ी होने से बच सके एवं शोषण के प्रति कानूनी कदम उठा सकें। जिला न्यायधीश साहू ने कहा कि हमारे देश में विधि का शासन है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में आमनागरिक का सबसे बड़ा हथियार ज्ञान है। ज्ञान से आमजन अपने अधिकारों के प्रति जागरूक बनेंगें। इस हेतु जमीनी स्तर तक उपभोक्ताओं के अधिकारों पर जागरूकता अभियान चलाने की नितांत आवश्यकता है। सभी उपभोक्ताओं के अधिकारों को मान्यता और उनकी रक्षा की जाए। जिला न्यायाधीश ने कहा कि उपभोक्ता अपने साथ हुए शोषण एवं धोखा के विरुद्ध न्यायालय का द्वार खटखटा सकता है। उपभोक्ता फोरम में न्याय पाना बहुत ही सरल है, उपभोक्ता खुद ही लिखित में शिकायत उपभोक्ता फोरम में कर सकता है। कलेक्टर अजीत वसंत ने कहा कि उपभोक्ताओं के हितों और कल्याण की रक्षा के लिए विधि द्वारा उपभोक्ता संरक्षण के तहत कानून बनाया गया है। सभी नागरिकों के पास उपभोक्ता के रूप में बहुत सारे अधिकार है। उपभोक्ताओं को अपने अधिकारों से परिचित होना जरूरी है जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि उनके साथ शोषण न हो। उन्होंने कहा कि उपभोक्ता गतिविधियों में सुधार के लिए उपभोक्ता अपने हितों की रक्षा के लिए कानूनी कार्रवाई का सहारा ले सकते है। कार्यशाला में अतिथियों द्वारा उपस्थित आमजनों के शंका एवं प्रश्नों का समाधान भी किया गया। गौरतलब है कि जागो ग्राहक जागो भारत सरकार द्वारा उपभोक्ता एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के अधीन उपभोक्ता मामलों के विभाग द्वारा एक उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम शुरू किया गया है। विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस का मुख्य उद्देश्य अनुचित व्यवहार या बाजार शोषण से बचाव है। साथ ही ग्राहक को अपने अधिकारों और हितों के बारे में जानकारी देकर दैनिक जीवन में उनका उपयोग के प्रति जागरूक करना है।

# लगान की शूटिंग के दौरान किरण को खुद पर हो रहा था संदेह




किरण राव इन दिनों अपनी फिल्म %लापता लेडीज% को लेकर सुर्खियां बटोर रही हैं। कम लागत से बनी यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कमाल का प्रदर्शन कर रही है। हाल ही में %लापता लेडीज% की निर्देशक किरण राव अपने शुरूआती दिनों के बारे मीडिया से बातें करती नजर आईं। उन्होंने फिल्म %लगान% की शूटिंग से जुड़े एक दिलचस्प किस्से भी साझा किए। किरण राव ने बतौर सहायक निर्देशक आशुतोष गोवारिकर की फिल्म %लगान% में काम किया था। बीते दिनों को याद करते हुए किरण ने कहा, %मैं फिल्म %लगान% के सेट पर साढ़े चार बजे पहुंच जाती थी। मेरा काम फिल्म के कलाकारों के लिए मेकअप, बाल और तमाम चीजें उठा कर सेट पर लाना था। कई बार मैं सोचती थी कि आखिर मैं कर क्या रही हूं गोरी मेम के लिए टोस्ट बनाया किरण राव अपनी बात जारी रखते हुए कहती हैं, मैंने जामिया से मास कम्युनिकेशन में मास्टर्स किया था और मैं फिल्म के सेट पर क्या करती थी। %लगान% में राचेल शेली ने %गोरी मेम% की भूमिका निभा रही थी और मुझे उनके लिए टोस्ट बना कर लाना पड़ता था। मैं अपने फैसले पर सवाल करती थी। मुझे लगता था कि क्या मास्टर्स मैंने इसलिए किया है। लगान% आमिर खान की सबसे बड़ी हिट फिल्मों से एक है। किरण कहती हैं, %इस फिल्म के निर्माण के दौरान मैं ज्यादातर मेकअप रूम में ही रहती थी। मैंने कई बार सोचा कि मॉनिटर के पास बैठकर मैं फिल्म की शूटिंग देखूं, लेकिन वह कभी संभव नहीं हुआ। मैं कलाकारों के लिए सामान लाने और ले जाने का काम करती रह गई। हां, फिल्म पूरी हो जाने के बाद मुझे काफी खुशी हुई कि मैं इस महान फिल्म का हिस्सा बनी।

### आमिर खान ने किया धमाकेदार खुलासा बोले-

# सलमान-शाहरुख साथ काम करने को हैं बेकरार

अभिनेता आमिर खान इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म सितारे जमीन पर की शूटिंग में व्यस्त हैं। इस फिल्म के जरिए वे कई साल बाद बड़े पर्दे पर वापसी करने वाले हैं। कल अभिनेता ने अपने जन्मदिन के मौके पर इंस्टाग्राम से लाइव होस्ट किया था।



इस दौरान वे दर्शकों के कई सवालों का जवाब देते नजर आए। इतना ही नहीं बातों-बातों में उन्होंने सलमान और शाहरुख के बारे में भी कई खुलासे किए। आइए जानते हैं क्या खास रहा आमिर के लाइव में- आमिर खान हाल ही में जामनगर में हुए अंबानी प्री-वेडिंग पार्टी में शामिल हुए थे। इस पार्टी के दौरान वे शाहरुख खान और सलमान खान के साथ स्टेज परफॉर्मेंस करते दिखाई दिए थे। कल लाइव के दौरान जब उनसे पूछा गया कि क्या वे निकट भविष्य में शाहरुख और सलमान के साथ काम करेंगे। इस सवाल के जवाब में अभिनेता ने कहा, %हमारी इस विषय पर काफी बात हुई है। हम साथ में काम करने के लिए काफी उत्साहित भी हैं। आमिर अपनी बात जारी रखते हुए कहते हैं, हम अच्छे विषय की तलाश में हैं। अगर हमें कुछ नया और करने को मिलेगा तो हम जरूर एक साथ काम करेंगे। मुझे लगता है कि यही सही समय है एक साथ काम करने के लिए। सलमान और शाहरुख भी काफी उत्सुक हैं इस फिल्म के लिए। निकट भविष्य में हम साथ में जरूर काम करेंगे। आमिर खान, सलमान खान और शाहरुख खान लगभग 30 से अधिक वर्षों से बॉलीवुड का हिस्सा रहे हैं। इन सभी ने एक-दूसरे की फिल्मों में गेस्ट भूमिकाएं निभाई हैं, लेकिन एक साथ किसी भी फिल्म में तीनों साथ नजर नहीं आए हैं। अफवाहों का बाजार गर्म है कि फिल्म %अंदाज अपना-अपना 2% में तीनों खान शायद साथ में नजर आ सकते हैं।

# करीना को अपने ब्रांड शुगर से जोड़कर खुश हैं विनीता, बोलीं- लोगों का भरोसा चार गुना बढ़ा है

टेलीविजन शो %शार्क टैंक इंडिया% में इन दिनों %शुगर% ब्रांड की संस्थापक विनीता सिंह नजर आ रही हैं। विनीता ने %शुगर% कॉस्मेटिक की नींव आज से सात साल पहले रखा था। उनकी कड़ी मेहनत का नतीजा है कि आज उनके ब्रांड के लगभग 130 स्टोर अलग-अलग शहरों में खुल चुके हैं। हाल ही में %शार्क टैंक इंडिया% के एक एपिसोड में विनीता अपने सफर और सफलता के बारे में बातें करती नजर आईं। साथ ही साथ उन्होंने करीना कपूर के साथ अपने काम के अनुभवों को भी उन्होंने दर्शकों के साथ साझा किया।

### ग्राहकों का भरोसा जीता



विनीता सिंह %शार्क टैंक इंडिया% में शार्क की भूमिका में दिखाई दे रही हैं। पिछले एपिसोड के दौरान उन्होंने अपने ब्रांड शुगर के बारे में बातें करते हुए कहा, देखिए भारत जैसे देश में लोगों को बॉलीवुड के सितारों पर काफी भरोसा है। जब से मेरे ब्रांड से करीना कपूर जुड़ी हैं शुगर का कारोबार चार गुना ज्यादा बढ़ गया है। इन सितारों की जान का दुश्मन बन बैठा था अंडरवर्ल्ड

विनीता सिंह अपनी बात जारी रखते हुए कहती हैं, %एक ब्रांड के रूप में हम लोगों के भरोसा को जीतना चाहते हैं। अभी हाल ही में रणवीर सिंह शुगर के आईपीओ से जुड़े हैं। उन जैसे सितारों के जुड़ने के बाद लोगों का हमारे ब्रांड में काफी विश्वास बढ़ा है। करीना कपूर और रणवीर सिंह ऐसे सितारे हैं जिनकी बातों पर लोगों को भरोसा है।

स्टार के जुड़ने से ब्रांड वैल्यू बढ़ता है

विनीता सिंह अपने ब्रांड को और बेहतर और बड़ा बनाने के लिए लगातार काम कर रही हैं। उन्होंने इस विषय में बात करते हुए कहा, %मैं अपने प्रोडक्ट्स की गुणवत्ता के साथ कोई समझौता नहीं कर सकती हूं। मेरे लिए मेरे ग्राहकों की संतुष्टि सबसे ज्यादा मायने रखती है। जब रणवीर कपूर जैसे सितारे आपके बिजनेस में निवेश करते हैं तब लोगों को लगता है कि सिर्फ विज्ञापन के लिए नहीं बल्कि प्रोडक्ट्स की गुणवत्ता भी अच्छी होगी इसलिए ये सितारे इस ब्रांड से जुड़ रहे हैं।

# धुबाला की बायोपिक का एलान, आलिया भट्ट की डार्लिंग्स की निर्देशक जसमीत करेंगी फिल्म का निर्देशन



कई महीनों से खबरें आ रही थीं कि हिंदी सिनेमा की महान अभिनेत्री मधुबाला के जीवन पर फिल्म बन रही है। अब आखिरकार निर्माताओं ने आज शुक्रवार, 15 मार्च को घोषणा कर दी कि मधुबाला के जीवन पर बनने वाली फिल्म पर काम चल रहा है। इस फिल्म का निर्देशन जसमीत के रीन इस फिल्म का निर्देशन करेंगी। जसमीत के रीन ने इससे पहले बॉलीवुड अभिनेत्री आलिया भट्ट की फिल्म %डार्लिंग्स% का निर्देशन किया था। यह घोषणा निर्माता सोनी पिक्चर्स इंटरनेशनल प्रोडक्शंस और ब्रूइंग थॉट्स प्राइवेट लिमिटेड ने की है। लिमिटेड फिल्म का सह-निर्माण मधुबाला की बहन मधुर बृज भूषण और अरविंद कुमार मालवीय ने मधुबाला वेंचर्स बैनर के माध्यम से किया है। उन्होंने पोस्ट साझा करते हुए कैप्शन में लिखा, %रोमांचक समाचार, हम शालीनता और प्रतिभा की प्रतीक महान मधुबाला के सम्मान में अपनी आगामी फिल्म की घोषणा करते हुए रोमांचित हैं। बॉलीवुड के सबसे प्रतिष्ठित सितारों में से एक के महान आकर्षण और मनोरम कहानी को जानने के लिए तैयार हो जाइए। अपडेट के लिए बने रहें। मधुबाला पर बनी फिल्म जल्द आ रही है।

### अफवाहों का किया गया था खंडन

दरअसल, इससे पहले चर्चा उठी थी कि फैशन डिजाइनर मनीष मल्होत्रा भी अभिनेत्री मधुबाला पर फिल्म बना रहे हैं, जिसमें अभिनेत्री कृति सेनन को मुख्य भूमिका निभाने के लिए चुना गया है।

हालांकि, अक्तूबर 2022 में मधुबाला की बहन मधुर बृज भूषण ने इस बात से साफ इनकार कर दिया था कि किसी अन्य फिल्म पर काम चल रहा है और कहा था कि केवल एक मधुबाला की बायोपिक बनने जा रही है जो मेरे और मेरी टीम द्वारा समर्थित होगी।

## खेल

# श्रीलंका के पूर्व कप्तान लाहिरू थिरिमाने का सड़क एक्सीडेंट, घायल




**नई दिल्ली।** श्रीलंका के पूर्व कप्तान लाहिरू थिरिमाने का भयानक सड़क एक्सीडेंट हुआ है। जिसके बाद उन्हें अनुराधापुरा के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। इस घटना के बाद भारतीय फैंस को विकेट कीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत की याद आ गई है। घटना अनुराधापुरा के पास हुई, जब थिरिमाने की कार एक लॉरी से टकरा गई। कर में उनके साथ उनका परिवार भी था। रिपोर्ट्स के मुताबिक परिवार सुरक्षित है। ईएसपीएनक्रिकइन्फो के अनुसार, थिरिमाने की चोट की सटीक प्रकृति अभी तक समझ में नहीं आई है, लेकिन वह वर्तमान में अनुराधापुरा टीचिंग हॉस्पिटल में स्थिर स्थिति में हैं।

रिपोर्टों में दावा किया गया है कि कार में थिरिमाने के साथ कम से कम एक और यात्री था और उस व्यक्ति का अस्पताल में इलाज चल रहा है। कार की तस्वीर सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही है। दुर्घटना के वक्त थिरिमाने तीर्थ यात्रा पर जा रहे थे। तभी कार विपरीत दिशा में जा रही एक लॉरी से टकरा गई। थिरिमाने वर्तमान में लीजेंड्स क्रिकेट में न्यूयॉर्क स्ट्राइकर्स के लिए खेल रहे थे और फ्रेंचाइजी ने इस घटना के बारे में एक आधिकारिक बयान जारी किया है।

# दिल्ली कैपिटल्स को बहुत बड़ा झटका

## हैरी ब्रूक के बाद टीम का मुख्य गेंदबाज चोट के चलते बाहर हुआ



**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग 2024 की शुरुआत से ठीक पहले ऋषभ पंत की कप्तानी वाली दिल्ली कैपिटल्स (ष्ठष्ट) को एक और बड़ा झटका लगा है। इंग्लैंड के विस्फोटक बल्लेबाज हैरी ब्रूक के बाद दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज लुंगी एनगिडी भी आईपीएल के इस सीजन से बाहर हो गए हैं। एनगिडी ने यह फैसला चोट के चलते लिया है। एनगिडी को इस साल की शुरुआत में भारत के खिलाफ खेली गई सीरीज के दौरान टखने में चोट आई थी। जिसके बाद से वे लगातार संघर्ष करते हुए दिखाई दे रहे हैं। एनगिडी की जगह दिल्ली ने रिप्लेसमेंट के तौर पर ऑस्ट्रेलिया के ऑलराउंडर जेक फ्रेजर-मैकगर्क को स्क्वाड में शामिल किया है। मेलबर्न का यह 21 वर्षीय ऑलराउंडर शीर्ष क्रम में आक्रामक बल्लेबाजी के अलावा लेग स्पिन भी करता है।

# मुंबई मीटियोज ने सुपर-5 के मैच में अहमदाबाद डिफेंडर्स को हराकर एक अहम जीत हासिल की




**नई दिल्ली।** मुंबई मीटियोज ने गुरुवार को यहां चेन्नई के जवाहरलाल नेहरू इंडोर स्टेडियम में खेले गए ए23 द्वारा संचालित रूपे प्राइम वॉलीबॉल लीग के तीसरे सीजन के सुपर-5 में खेले गए एक अहम मैच में अहमदाबाद डिफेंडर्स को 15-8, 13-15, 7-15, 16-14, 15-13 से हरा दिया। अमित गुलिया को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच पुरस्कार से नवाजा गया।

शिखर सिंह ने अहमदाबाद की डिफेंस को मजबूती देते हुए स्टार्टिंग लाइन-अप में अनुभवी मनोज से ऊपर किए गए अपने चयन को सही साबित ठहराया। लेकिन अमित और शुभम ने सर्व लाइन से अटैक करना शुरू कर दिया और शिखर को उनकी लय से बाहर करने के लिए शुरू कर दिया। हालांकि मौजूदा चैंपियन अहमदाबाद की गलतियों के कारण मुंबई मीटियोज को लय हासिल करने में मदद मिल गई। मुथु को सब्स्टिट्यूट करने का अहमदाबाद का जोखिम भरा कदम महंगा साबित हुआ और मुंबई ने शुरुआती बढ़त हासिल कर ली।

मुथुसामी और अंगामुथु की कोर्ट पर वापसी करने के बाद अहमदाबाद के आक्रमण को और तेजी मिल गई। इसके बाद अमित और शुभम ने शानदार अटैकिंग खेल से अहमदाबाद के डिफेंस का टेस्ट लेना शुरू कर दिया। उधर शॉन टी जॉन ने अपने हरफनमौला प्रदर्शन से अहमदाबाद को फिर से लय हासिल करने में मदद करना शुरू कर दिया और डिफेंडर्स ने अपने लिए वापसी के दरवाजे खोल लिए। शमीम ने मिडल से मुंबई के लिए आक्रमण करना जारी रखा, लेकिन शॉन टी ने अहमदाबाद का आत्मविश्वास ऊंचा रखा और डिफेंडर्स ने मैच में 2-1 की शानदार बढ़त बना ली। शिखर और इल्या ने मुंबई के अटैकिंग खेल के फीका कर दिया लेकिन अमित के लगातार हमलों से मुंबई की टीम खुद को मुकाबले में बनाए रखा। डिफेंडिंग चैंपियन अहमदाबाद डिफेंडर्स की कुछ गलतियों के कारण मुंबई की टीम को फायदा मिलना शुरू हो गया। इसके कारण दोनों टीमों के बीच यहा रोमांचक मुकाबला पांचवें और निर्णायक सेट में चला गया।

# पेरिस ओलंपिक का टिकट पाने में विफल रहे मुक्केबाज, कोच पर लटकी तलवार



हाल में आयोजित पहले वर्ल्ड बॉक्सिंग ओलंपिक क्वालीफायर्स में भारतीय मुक्केबाजों का प्रदर्शन बेहद ही निराशाजनक रहा। इस टूर्नामेंट में कोई भी मुक्केबाज पेरिस ओलंपिक 2024 के लिए क्वालीफाई नहीं कर सका। इस खराब प्रदर्शन के बाद भारतीय मुक्केबाजी टीम के हाई परफॉर्मेंस डायरेक्टर बर्नार्ड डन ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है।

आयरलैंड के बर्नार्ड अक्टूबर 2022 में इस पद पर आए थे। उन्होंने टूर्नामेंट के बाद इटली से ही अपना इस्तीफा भारतीय मुक्केबाजी महासंघ (बीएफआइ) को भेज दिया, जहां इस टूर्नामेंट का आयोजन हुआ था। रिपोर्ट के तहत, भारतीय टीम के कोच दिमित्री दिमित्रुक की भी जल्द छुट्टी की जा सकती है। बीएफआइ ने शुक्रवार को भारतीय खिलाड़ियों के प्रदर्शन की समीक्षा के लिए शुक्रवार को एक बैठक बुलाई है। बीएफआइ के सेक्रेटरी जनरल हेमंता ने कहा, हम बैठक में कोच के भविष्य पर फैसला करेंगे। हम विदेशी कोच को बाहर करके किसी भारतीय को यह जिम्मेदारी देने पर विचार कर रहे हैं।

# सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी व चिराग शेट्टी ने तीन बार के विश्व चैंपियन को हराया



**नई दिल्ली।** सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय जोड़ी ने ऑल इंग्लैंड ओपन में तीन बार के विश्व चैंपियन इंडोनेशिया के मोहम्मद अहसान और हेंड्रा सेतियावान की जोड़ी को युगल मुकाबले में हराकर अपने अभियान शुरुआत की। फ्रेंच ओपन 2024 के विजेता सात्विक और चिराग की जोड़ी ने तीन बार के विश्व चैंपियन इंडोनेशिया के मोहम्मद अहसान और हेन्ड्रा सेतियावान को 21-18, 21-14 से हराकर टूर्नामेंट के दूसरे राउंड में जगह बनाई। भारतीय जोड़ी दूसरे दौर में इंडोनेशिया के मुहम्मद शोहिबुल फिकरी और बगास मौलाना की जोड़ी से मुकाबला करेगी। पुरुष एकल वर्ग में लक्ष्य सेन ने डेनमार्क के मैग्नस जोनासेन को हराकर स्पर्धा के दूसरे राउंड में पहुंच गये है। विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता लक्ष्य ने 40 मिनट तक चले मुकाबले में मैग्नस जोनासेन को 21-14, 21-14 से हराया। राउंड ऑफ 16 में 22 वर्षीय खिलाड़ी का सामना प्रतियोगिता में चौथी वरीयता प्राप्त डेनमार्क के एंडर्स एंटोनसेन से होगा। तनीषा क्रास्टो और अश्वनी पोनप्पा की भारतीय महिला युगल जोड़ी हांगकांग की येगुंग टिंग और येयुंग लैम की जोड़ी को 21-13 और 21-18 हराकर अगले दौर में पहुंच गयी है। अब प्री-क्वार्टरफाइनल में भारतीय महिला जोड़ी का मुकाबला चीन की झांग शुक्सियान और झेंग यू से होगा। वहं एक अन्य पुरुष एकल स्पर्धा में भारत के प्रियांशु राजावत को इंडोनेशिया के चिको औरा से 21-19, 11-21, 21-9 से हार का सामना करना पड़ा।

# चौदह समितियां सवा दस करोड़ का कर्जा बकाया प्रबंधकों की परेशानी बढ़ी

फसल नहीं होने से बकायदार किसानों ने नहीं बेचा धान वसूली हो रहा प्रभावित

जोहार छत्तीसगढ़-गरियाबंद।

धान खरीदी के समय सीमा समाप्त होने के बाद खरीदी केंद्र और समितियां जहां धान के उठाव के लिये परेशान हैं वहीं अब किसानों को दिये कर्ज के वसूली को लेकर परेशानी बढ़ गयी है। कर्जा वसूली के लिये अब प्रशासन का लगातार दबाव बढ़ रहा है इधर ऐसे किसान अल्प वर्षा के कारण जिनका फसल प्रभावित हुआ वो लिये कर्ज समितियों को चुकाये नहीं हैं सुखे के कारण किसानों फसल बेचा नहीं बीमा भी बहुत से किसान को मिला नहीं ऐसे में जिले के मैनपुर और देवभोग की समितिओं को वसूली के लिये किया जा रहा अथक प्रयास भी काम नहीं आ रहा है।


## चौदह समिति में 10 करोड़ से अधिक किसानों का कर्ज वसूली के लिये बकाया

देवभोग और मैनपुर ब्लाक में पिछले खरीफ फसल सीजन में अल्प और असमय वारिश ने किसान के उपार्जन को प्रभावित किया तो किसान ना धान बेच पाये और बीमा राशि के नहीं मिलने से कर्जा भी चुका नहीं सके मैनपुर ब्लाक के मैनपुर शोभा जीडार,अरगडी ढोररा, अमलीपदर और कांडेकेला को मिलाकर मध्यम और दीर्घ 7800 कृषकों ने 12 करोड 47 लाख कर्ज उठाया था जिसमें से 8 करोड की वसूली हो सकी तो वहीं साढ़े चार करोड़ रूपये कर्ज अभी भी बकाया है देवभोग ब्लाक में झाखरपारा,झिरीपानी, लाटापारा, निष्टीगुडा चार समिति के 2802 कृषको ने 14 करोड़ 73 लाख रूपये कर्ज लिया था जिसमें से 6 करोड़ 33 लाख रूपये समितियों को लेना बाकि है।

## झाखरपारा झिरीपानी सबसे अधिक वसूली प्रभावित समिति







झाखरपारा और झिरीपानी समिति में धान की खरीदी पूर्ण प्रभावित रहा क्योंकि किसान के पास उपार्जन बेचने को नहीं था। झाखरपारा समिति के दो उपार्जन के 603 ऋणी किसान ने 3 करोड 27 लाख और झिरीपानी समिति के द उपार्जन केन्द्र में 3 करोड़ 27 लाख का कर्ज उठाया था जिसमें से झाखरपारा में 1 करोड़ 15 लाख की वसुली हुयी तो वहीं झिरीपानी में 4करोड 27 लाख में मात्र 1 करैड़ 61 लाख की वसूली अभी तक संभव हो सका है। वहीं लाटापारा में 58 लाख और निष्टीगुड़ा में 97 लाख सबसे कम बकाया है।

## क्षेत्र के कई किसान को नहीं मिला बीमा राशि तो वहीं बीमा के लिये दर-दर भटक रहे हैं

समिति के कर्जा चुकारा नहीं होने के पिछे किसान बीमा ना मिलने को कारण बता रहे हैं वहीं वसुली के लिये बढ़ते दबाव के बाद समिति भी वसुली को गति दे? दिया है। जहां झिरीपानी के केन्दुवन, ठिरलीगुड़ा,खोकसरा, खम्हारगुडा,सागौनभाडी में सैकड़ों किसान को फसल बीमा का लाभ नहीं मिला तो वहीं ढोररा समिति के मुचबहाल का किसान मनीराम अपने बीमा के लिये समिति और च्वाइस सेंटर का चक्कर काट रहा है। उसने अपने डेढ़ एकड़ कृषि भूमि के लिये 400 रूपये देकर बजाज एलाइंज से बीमा कराया था पर बीमा कम्पनी ने उसकी सुध तक नहीं ली।

## अब आने वाले सीजन पर किसान नहीं करवायेंगे कोई बीमा

देवभोग मैनपुर क्षेत्र के किसान ये सोचकर फसल बीमा करवाया थे कि उन्हें सुखे या फसल क्षति पर कम्पनी एवज में बीमा राशि देगी बीमा राशि ना मिलने पर नाराज ढोररा के मनीराम, सागौनभाडी के प्रमोद अवस्थी गंगराजपुर के विरेन्द्र बुडुराम,रंजीत टंकधर सहित गिरसूल केन्दुवन,खोकसरा ढोररा, अमलीपदर अरगडी के किसान अब किसी भी कम्पनी से बीमा नहीं कराने की बात कर रहे हैं।

एक नजर

# जशपुर के युवा चला रहे मिशन लाइफ कार्यक्रम

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।





नेहरू युवा केंद्र संगठन और यूनिसेफ के संयुक्त तत्वाधान में जशपुर जिले में नेहरू युवा केंद्र की जिला युवा अधिकारी सुश्री सुमेधा पवार के नेतृत्व में राष्ट्रीय स्वयंसेवक सूर्यकांत चन्द्रा, संजीव भगत द्वारा जशपुर ब्लॉक के अलग-अलग चिन्हित गांवों के स्कूल और कॉलेज में मिशन लाइफऔर ओडएफ खुले में शौचमुक्त भारतद्ध जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता सेमिनार के माध्यम से युवाओं को मिशन लाइफ के बारे में जानकारी दी जा रही है। कार्यक्रम को सुचारू रूप से कराने के लिए और लोगों मे जागरूकता लाने के लिए जशपुर के आठ स्वयंसेवकों को ठाकुर प्यारे लाल प्रशिक्षण संस्थान रायपुर में विशेष प्रशिक्षण दिया गया है। इस प्रशिक्षण के पश्चात सभी स्वयंसेवक अपने-अपने चिन्हित गांवों में कार्यक्रम चला रहे है।

मिशन लाइफ का अर्थ ऐसे अभियान से है जिससे पर्यावरण संरक्षण हो। इसमें हर एक इंसान को अपनी जिम्मेदारी समझने की अपील की गई है। छोटे से लेकर बड़े-बड़े काम को पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए आगे बढ़ाने की अपील की गई है। प्लास्टिक बैग का ही उदाहण लें, हमें प्लास्टिक की थैली धड़ल्ले से इस्तेमाल करने की आदत लग गई है जो कि हमारी प्रकृति में जहर के समान है। मिशन लाइफ बताता है कि अगर प्लास्टिक छोड़ हम कपड़े के थैले का इस्तेमाल करें तो बड़े स्तर पर पर्यावरण को बचा सकते हैं। मिशन लाइफमें पानी बचाने पर बहुत बड़ा फोकस किया गया है। दुनिया में जल संकट एक बड़े खतरे के रूप में देखा जा रहा है। कहा जा रहा है कि दुनिया में अगली लड़ाई तेल के लिए नहीं बल्कि पानी के लिए हो सकती है। भूजल स्तर लगातार गिरता जा रहा है। जब स्थिति इतनी गंभीर हो, तो उससे बचने का उपाय क्यों नहीं किया जाना चाहिए। यह काम इतना भी बड़ा नहीं क्योंकि पानी बचाकर उसकी उपलब्धता बढ़ाई जा सकती है। इसके लिए जरूरी है कि नल आदि से पानी की बर्बादी रोकें।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अभी हाल में मिशन लाइफ की शुरुआत की है। जैसा कि नाम से स्पष्ट है, यह ऐसा अभियान है जो हर एक इंसान से सीधे तौर पर जुड़ा है. मिशन लाइफमें इस बात पर जोर दिया गया है कि पर्यावरण को हम बचाएंगे। तभी हम भी आगे बच पाएंगे। जलवायु परिवर्तन के गंभीर परिणामों को देखते हुए इस अभियान की शुरुआत की गई है। मिशन लाइफ न केवल पर्यावरण और जिंदगी बचाने पर केंद्रित है बल्कि इसका सीधा संबंध अर्थव्यवस्था से भी है। 13 मार्च 2024 को स्वयं सेवक सूर्यकांत चन्द्रा द्वारा जशपुर जिले के एन ई एस कॉलेज, चम्पा देवी कॉलेज, संत जेवर्य स्कूल बाकीटोली, शासकीय स्कूल तपकरा आदि में कार्यक्रम कराए गए है। चित्रकला प्रतियोगिता में विजताओ को गोल्ड मेडल और सिल्वर मैडल से पुरस्कृत करके उनके मनोबल को बढ़ाया जा रहा है और उन्हें मिशन लाइफ में योगदान देने हेतु नेहरू युवा केंद्र, लगातार कार्यक्रमो के माध्यम से सतत प्रयास कर रहा है।

# नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम के तहत महिलाओं ने सुना प्रधानमंत्री का संबोधन





**दंतेवाड़ा** ।जिला दंतेवाड़ा अंतर्गत राष्टीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान योजना के तहत नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम रखा गया था। जिसमें पूरे देश की महिला स्व-सहायता समूहों की महिलाओं को देश के प्रधानमंत्री माननीय श्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा संबोधित किया गया था। अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने मातृ शक्तियों का वंदन व अभिवादन करते हु कहा कि आज देश में महिला सभी कार्यों में अग्रणी भूमिका निभा रही है और स्व-सहायता समूहों से जुड़कर अपने आजीविकाओं को सुदृढ़ कर रही है। इसी कार्यक्रम का सीधा प्रसारण विकासखंड कुआकोंडा एवं कटेकल्याण जिला मिशन प्रबंधन इकाई बिहान योजना के सहयोग से रखा गया था। उक्त कार्यकम में दोनों विकासखंडों से 1200 से अधिक मातृ शक्तियों ने भाग लिया और महिलाओं ने प्रधानमंत्री को धन्यवाद दिया। इस कार्यकम में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि श्री मंगल बघेल, श्री नंदलाल मुड़ावी, श्री राजमन ठाकुर मंडल अध्यक्ष श्री पतिराम हिकमी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं बिहान से जिला कार्यकम प्रबंधक व विकासखंड परियोजना प्रबंधक एवं बिहान योजना के समस्त सामुदायिक संवर्गों की उपस्थिति रही।

साक्षरता मिशन प्राधिकरण

# राष्ट्रव्यापी बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान मूल्यांकन परीक्षा 17 मार्च को

* प्रात:10 से शाम 5 बजे तक होगा परीक्षा का आयोजन

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।



नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय, स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग तथा राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान नई दिल्ली की पहल पर 17 मार्च, 2024 दिन-रविवार को प्रात: 10 बजे से सायं 5 बजे तक राष्ट्रव्यापी बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान मुल्यांकन परीक्षा आयोजन किया जा रहा है। जिसमें ऐसे शिक्षार्थी जिनका पूर्व में पढ़ना-लिखना अभियान अंतर्गत प्रमाणिकरण नहीं हुआ है, जो मोहल्ला साक्षरता केन्द्रों में पूर्व में पढ़ाई किये हैं, वे इस मूल्यांकन परीक्षा में शामिल हो सकते हैं। शिक्षार्थी सुविधानुसार उक्त समय के भीतर परीक्षा में सम्मिलित हो सकते हैं। शिक्षार्थी को प्रश्न पत्र हल करने के लिए 3 घण्टे का समय दिया जायेगा।

## शिक्षार्थी सुविधानुसार परीक्षा में हो सकते है शामिल, प्रश्न पत्र हल करने मिलेंगे 3 घंटे का समय

उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय शिक्षा निति-2020 में बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान को प्रमुख रूप से फोकस किया गया है। जिले को शत-प्रतिशत साक्षर करने के उद्देश्य से केन्द्र प्रवर्तीत योजना उल्लास नव भारत साक्षरता का क्रियान्वयन जिला साक्षरता मिशन प्राधिकारण के अध्यक्ष एवं कलेक्टर के कुशल मार्ग दर्शन में प्रारंभ किया गया है। प्रौढ़ शिक्षा अब सबके लिए शिक्षा के रूप में जाना जायेगा। जिसके अंतर्गत जिले के 15 वर्ष एवं उससे अधिक आयु वर्ग के असाक्षरों को साक्षर किया जायेगा। इस योजना में बुनियादी साक्षरता व संख्या ज्ञान, महत्वपूर्ण जीवन कौशल (डिजिटल, वित्तीय, कानूनी, चुनावी, पर्यावरण साक्षरता), कौशल विकास, बुनियादी शिक्षा एवं सतत् शिक्षा योजना के प्रमुख घटक होंगे।

यह कार्यक्रम शिक्षा विभाग के डाईट, समग्र शिक्षा, शिक्षकों व विद्यार्थियों के माध्यम से संचालित होगी। जिसमें विद्यालय इकाई के रूप में कार्य करेंगे। योजना शहरी व ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में संचालित होगी। जिसमें सर्वे के माध्यम से स्वयं सेवी शिक्षक और असाक्षरों का चिन्हांकन किया जायेगा एवं उल्लास मोबाईल एप के माध्यम से उनका पंजीयन किया जायेगा। वर्तमान में जिले के सभी विकासखण्डों में सर्वे एवं चिन्हांकन, पंजीयन का कार्य जारी है। जिले में इस सत्र कुल 20 हजार असाक्षरों को साक्षर करने का लक्ष्य प्रदत्त है। यह योजना सत्र 2027 तक संचालित होगी। पंजीकृत शिक्षार्थियों को स्वयं सेवी शिक्षकों के माध्यम से अध्यापन कार्य कराया जायेगा। गांव के पढ़े-लिखे युवा विशेष रूप से कक्षा-9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थी, नेहरू युवा केन्द्र के कार्यकर्ता, एन.सी.सी. कैडेट्स, एन.एस.एस. के कार्यकर्ता, मितानिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, शिक्षक, सेवा निवृत्त अधिकारी, कर्मचारी या अन्य व्यक्ति जो स्वयं सेवी भावना से कार्य करना चाहते हैं, स्वयं सेवी शिक्षक के रूप में इस योजना से जुड़ सकते हैं।

# सशक्त जशपुर अभियान के तहत बरांगजोर में हुआ शिविर का आयोजन

मुख्य अतिथि ने दिव्यांगजनों को यूडीआईडी कार्ड प्रदय किया

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।



## जिले के सभी विकासखंड में शिविर का होगा आयोजन

जिला प्रशासन के अभिनव पहल पर सशक्त जशपुर अभियान चलाया जा रहा है। जिसका उद्देश्य समस्त दिव्यांगजनो को नि:शक्तता से सशक्तता की ओर ले जाकर शासन की योजनाओं का लाभ दिलाया जाएगा। इस अभियान के तहत जशपुर जिले के सभी विकासखंड में ग्राम पंचायत एवं वार्ड स्तर में डोर टू डोर सर्वे कराया गया है। सर्व उपरांत वर्तमान में शिविर का संचालन पूरे जिले में किया जाएगा।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के विधानसभा क्षेत्र कुनकुरी के बरांगजोर में शिविर का शुभारंभ जिला पंचायत उपाध्यक्ष उपेंद्र यादव ने किया। जिसमें आठ ग्राम ढोडी बाहर,ठेठेटंगर, बंदरचुवां, बरांगजोर, डोडापानी, फरसाकानी, गड़ाकटा, लोढ़ाअंबा ग्राम के दिव्यांगजन शामिल हुए। डॉक्टरो ने दिव्यांगता का जांच किया। शिविर में 183 दिव्यांग जनों का पंजीयन किया गया।जांच उपरांत समाज कल्याण विभाग ने ऑनलाइन माध्यम से तत्काल यू डी आई डी कार्ड मुख्य अतिथि के हाथों प्रदय कराया। इस दौरान मुख्य अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष उपेंद्र यादव ने सशक्त जशपुर अभियान की सराहना करते हुए कहा कि इस अभियान से जिले के छूटे हुए दिव्यांगजनों को लाभ मिलेगा जिससे उन्हें शासन की योजनाओं का लाभ मिल पाएगा। उन्होंने जिले के सभी ग्राम पंचायत में शिविर लगाने कहा। शिविर में आयुष्मान कार्ड, सिकल सेल जांच,श्रम कार्ड, श्रम कार्ड बनाया गया। कार्यक्रम में कुनकुरी एसडीएम नन्द पाण्डेय, डिप्टी कलेक्टर ऋ तुराज बिसेन, उपसंचालक समाज कल्याण विभाग बेक, जिला समन्वयक रेड क्रॉस रुपेश पाणिग्रही, डीपीएम गणपत नायक, जनपद सीईओ कमलकांत,स्थानीय जनप्रतिनिधि गण सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।



# पर्यावरण को सुरक्षित रखना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी: ओ.पी चौधरी

*छत्तीसगढ़ -विजन 2047 पर कॉन्फ्रेंस का हुआ आयोजन, आवास एवं पर्यावरण मंत्री ओ.पी.चौधरी ने किया उद्घाटन*

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।





## पर्यावरण संरक्षण के साथ विकास हेतु अगले 25 वर्षो के रोडमेप पर हुई चर्चा

छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल द्वारा पर्यावरण संरक्षण के साथ विकास की परिकल्पना को सार्थक करने के लिये आज 'छत्तीसगढ़ विजन 2047' पर कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। इस कॉन्फ्रेंस का उद्घाटन आवास एवं पर्यावरण मंत्री ओ.पी.चौधरी ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्यमंत्री के सचिव राहुल भगत ने की।

पर्यावरण संरक्षण के साथ विकास हेतु अगले 25 वर्षों के रोडमेप पर चर्चा करते हुए आवास एवं पर्यावरण मंत्री ओपी चौधरी ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि हम सभी को बदलते हुए वक्त को समझना चाहिए और आने वाली पीढ़ी के लिए खुद को भी बदलना चाहिए। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार सतत् विकास के लिए अपने बजट में 2047 में छत्तीसगढ़ को भी विकसित भारत के साथ विकसित छत्तीसगढ़ के रूप में देखना चाहती है और इसके लिए लॉन्ग टर्म गोल के रूप में ही अमृतकाल विजन डॉक्यूमेंट ञ्च 2047 की तैयारी की जा रही है जिसे छत्तीसगढ़ की स्थापना के दिन 1 नवंबर को लांच किया जाएगा।

मंत्री श्री चौधरी ने कहा कि राज्य में औद्योगिक विकास का होना अनिवार्य है और इस सेक्टर में काफी ग्रोथ भी हो रही है। इसके साथ ही हमें सर्विस सेक्टर में ग्रोथ लाने की आवश्यकता है और अगले पांच साल में इसे बढ़ाने के लिए काम करना है। इसकी शुरूआत भी कर दी गयी है और अगले तीन साल के भीतर नवा रायपुर इनोवेशन तथा आईटी हब के रूप के जाना जाएगा। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में बहुत ही जल्द कोर सेक्टर और सर्विस सेक्टर के बीच सामंजस्य स्थापित करते हुए नई इंडस्ट्रियल पॉलिसी शुरू होगी।

आवास एवं पर्यावरण मंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि हमें ये जानकारी हैरानी होगी कि बड़े शहरों में उद्योगों से ज्यादा प्रदूषण सड़क पर चल रही वाहनों के जरिए होता है और इस पर नियंत्रण पाना बेहद जरुरी है। इसके लिए हम सभी को अपनी सोच बदलने की आवश्यकता है और ये प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है कि वो पर्यावरण को संरक्षण करने में अपनी महती भूमिका निभाए।

छत्तीसगढ़-विजन 2047 पर आयोजित इस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री के सचिव तथा छत्तीसगढ़ सुशासन एवं अभिसरण विभाग के सचिव श्री राहुल भगत ने कहा कि हमें ये सोचना होगा कि हमने अभी से तैयारी शुरू नहीं की तो साल 2047 तक भविष्य कैसा होगा। उन्होंने कहा कि जैसे प्रत्येक जीवित इंसान की सेहत उसके लिए जरूरी है वैसे ही पेड़ पौधों की अच्छी सेहत हम सभी के लिए बहुत जरूरी है, उनके भीतर भी जीवन है और उनके जीवन से हमारा जीवन जुड़ा हुआ है। श्री भगत ने कहा कि आज तकनीक का दौर है और इसमें तेजी से बदलाव आ रहा है, लेकिन हमें इस बदलाव में भी पर्यावरण का ध्यान रखना होगा ताकि हम खुद और हमारी आने वाली पीढ़ियां स्वस्थ और सुरक्षित रह सकें।

आजादी के अमृतकाल में विकसित भारत कार्यक्रम को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़- विजन 2047 पर आयोजित इस कॉन्फ्रेंस में छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल की अध्यक्ष श्रीमती आर संगीता, सदस्य सचिव पी.अरूण प्रसाद तथा छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल के आयुक्त अयाज तंबोली, प्रदेश के इंटीग्रेटेड स्टील एवं स्पंज आयरन प्लांट, कोल वॉशरी, ताप विद्युत संयंत्र, कोल माईंस, आयरन ओर माईंस, बड़े हॉस्पिटल, स्पंज आयरन एसोसिएशन के प्रतिनिधि, रोलिंग मिल एमिनी स्टील प्लांट तथा माईनर मिनरल एसोसिएशन के सदस्यों के साथ रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग एवं भिलाई नगर पालिक निगम के आयुक्तगण भी उपस्थित रहे।

# छ.ग.महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ.किरणमयी नायक ने जिले से प्राप्त प्रकरणों पर की सुनवाई

बेटे की मृत्यु पश्चात् बहु को मिली थी अनुकम्पा नियुक्ति, बहु देगी सास को 7 हजार रूपये मासिक भरण-पोषण

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।






* आयोग के समझाईश पर पति-पत्नी साथ रहने को तैयार
* स्कूल प्रिंसिपल ने व्याख्याता के खिलाफ प्रकरण दर्ज कराई, अध्यक्ष ने जिला कार्यक्रम अधिकारी को दिए जांच के आदेश

छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ.किरणमयी नायक एवं सदस्य अर्चना उपाध्याय ने आज कलेक्टोरेट के सृजन सभाकक्ष में महिला उत्पीड़न से संबंधित प्रस्तुत प्रकरण पर जनसुनवाई की। छत्तीसगढ़ महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ.किरणमयी नायक की अध्यक्षता में आज प्रदेश स्तर की 249 वीं एवं रायगढ़ जिले में छठवीं सुनवाई हुई। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर ऋषा ठाकुर, जिला कार्यक्रम अधिकारी एल.आर.कच्छप, डीएसपी निकिता तिवारी, महिला संरक्षण अधिकारी नवाबिहान महिला बाल विकास चैताली राय विश्वास, केन्द्र प्रशासक सखी सेंटर रायगढ़ विनिता गुप्ता सहित विभागीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। आज के सुनवाई के दौरान एक प्रकरण में पति-पत्नी दोनों अलग रह रहे थे, जिससे उनके बच्चों पर विपरित प्रभाव पड़ रहा था। आयोग द्वारा सुनवाई के दौरान उपस्थित दोनों को समझाईश दी गई कि दो बच्चे है, जिनका भविष्य आप पर निर्भर करता है। तत्पश्चात दोनों साथ रहने को सहमत हैं। आयोग के निर्देश पर सखी वन स्टॉप सेन्टर द्वारा 01 वर्ष तक दोनों पक्षों की निगरानी की जाएगी, इस आदेश के साथ आयोग ने प्रकरण नस्तीबद्ध किया।

एक अन्य प्रकरण में आवेदिका के पुत्र का विवाह 4 माह पूर्व अनावेदिका से हुआ था और वह सीएसईबी में सहायक लाईन मैन के पद पर कार्यरत था। कार्य करने दौरान 5 जुलाई 2023 को मृत्यु हो गई। तत्पश्चात आवेदिका की बहु ने उसकी अनुकंपा नियुक्ति स्वयं प्राप्त कर ली। जिससे उसे 19 हजार मासिक वेतन मिलता है। बहु द्वारा प्राप्त राशि से आवेदिका का किसी प्रकार की आर्थिक सहयोग नहीं कर रही है। आयोग के समझाईश के बाद आवेदिका बहु ने अपनी सास को 7000 मासिक भरण पोषण देने पर सहमत है। इस प्रकरण में आयोग को जानकारी मिली की विभागीय रूप से आवेदिका के पुत्र का समस्त राशि जो मिलना था, उस पर रोक लगा दिया गया है। इस प्रकरण में आयोग ने जिला कार्यक्रम अधिकारी के नेतृत्व में एक सामाजिक कार्यकर्ता को जोड़कर टीम का गठन किया जो संबंधित अधिकारियों से जानकारी प्राप्त कर रिपोर्ट आयोग को प्रेषित करेंगे तत्पश्चात प्रकरण की अगली सुनवाई की जायेगी।

इसी प्रकार एक अन्य प्रकरण में आवेदिका अपने बहन के बच्चे जिनका उम्र 12 व 6 वर्ष है उन दोनों को बचपन से पाल रही है। आवेदिका की बहन की मृत्यु मई 2021 में हुई थी और दोनों बच्चों के पिता आवेदिका के घर में आकर रहते थे एवं बहन को प्रताड़ित करके चले जाते थे। दोनों बच्चों की परवरिश आवेदिका व उनके पिता द्वारा की गई है। आवेदिका के जीजा द्वारा बच्चों की जिम्मेदारी नहीं ली गई एवं बच्चों के पालन पोषण के लिए कोई राशि नही दिया गया है। इसके अलावा दोनों बच्चों को धमकी दिया था कि तुमको बांधकर खींच कर ले आउंगा। इस संबंध में आवेदिका ने अनावेदकगण के खिलाफ महिला आयोग में आवेदन लगायी थी। जिसके बाद आज बाल कल्याण समिति सदस्य उपस्थित होकर बताया कि बच्चों के कल्याण के लिए न्यायिक शक्तियों के तहत कार्य करते हैं और उनके द्वारा आवेदिका के पिता को पूर्व में अभिरक्षा में दिये थे और उनके द्वारा प्रकरण समाप्त कर दिया गया था। आवेदिका ने आज बताया कि 1 वर्ष पूर्व परिवार न्यायालय में दोनों नाबालिग बच्चों के पिता के विरूद्ध प्रकरण प्रस्तुत किया गया था अत: आवेदिका के प्रकरण को आगे जारी रखना नहीं चाहती, इसलिए आयोग ने प्रकरण नस्तीबद्ध किया।

अन्य प्रकरण में आवेदिका और सीएमओ नगर पंचायत व राजस्व निरीक्षक उपस्थित हुए, आवेदिका ने बताया कि नाली बनाने के लिए परछी का हिस्सा तोड़ा गया है। जिस पर आवेदिका को अलग से कोई राहत देना संभव नहीं है। नगर पंचायत द्वारा कहा गया कि ऐसी कार्यवाही की जा सकती है परन्तु आवेदिका का कहना है कि उसी के घर को तोड़ा गया है। जिस पर आयोग द्वारा जिला कार्यक्रम अधिकारी एलआर कच्छप को जाँच कर उपरांत महिला आयोग में रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा गया है। अन्य प्रकरण में उभय पक्ष उपस्थित आवेदिका जिस स्कूल में प्रिंसिपल है उसी स्कूल में अनावेदक वरिष्ठ व्याख्याता है एवं आपस में एक दूसरे को दोषारोपण कर रहे है। इस विभागीय प्रकरण को जॉच जिला शिक्षा अधिकारी को करना चाहिए, इस प्रकरण पर आयोग द्वारा जिला कार्यक्रम अधिकारी जिला रायगढ़ को नियुक्त करते हुए कहा कि दोनों आवेदनों की जांच जिला शिक्षा अधिकारी के समन्वय से करते हुए तीन माह के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत करें। तत्पश्चात आयोग द्वारा निर्णय लिया जाएगा। अन्य प्रकरण आवेदिका के मृतक पिता एसबीआई धरमजयगढ में मैनेजर के पद पर थे। मृत्यु उपरांत अनावेदक पक्ष द्वारा देनदारियों का भुगतान नहीं किया गया है। अनावेदक का कहना है कि दस्तावेज के अभाव में कार्य नही कर पा रहे है। आवेदिका ने कहा की उसने एसबीआई के सभी शाखा में आवेदन दिया था परंतु जबाव नहीं मिला। आवेदिका को न्यायालय में जाने का निर्देश देते हुये प्रकरण नस्तीबद्ध किया गया।

अन्य प्रकरण में आवेदिका ने 11 तोला सोना अनावेदक के पास गिरवी रखने की शिकायत की है, जिसे अनावेदक द्वारा वापस नहीं किया गया है दोनों पक्षों की काउंसलिंग पश्चात् 15 दिन का समय लिया गया है। प्रकरण में सामाजिक कार्यकर्ता व महिला संरक्षण अधिकारी द्वारा उभय पक्षों को अपने समक्ष बुलाकर आवेदिका को गहना वापस दिलाने व सुलहनामा कराने में सहयोग करते हुए 2 माह में आयोग को रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे। अन्य प्रकरण में आवेदिका का पुत्र सुकमा में शहीद हुआ था। शहीद पुत्र का 1 करोड़ सहयोग राशि अनावेदिका पत्नी द्वारा रख लिया गया है एवं अनावेदिका के साथ एक व्यक्ति रहता है, जो आवेदिका को परेशान करता है। अनावेदिका के 2 बच्चे है जो वर्तमान में पढ़ाई भी नहीं कर रहे। आयोग द्वारा निर्देशित करते हुए कहा कि सब निरीक्षक थाना सिटी कोतवाली इस प्रकरण की जॉच कर उचित कार्यवाही करते हुए बच्चों की शिक्षा की व्यवस्था तथा आवेदिका के भरण पोषण की जिम्मेदारी सुलह से कराएं, जिसमें सामाजिक कार्यकर्ता श्री तपन घोष का सहयोग ले सकते है।

## एक नजर

### जिला पंचायत सीईओ सुश्री दिव्या अग्रवाल ने संभाला कामकाज

जोहार छत्तीसगढ़-बलौदाबाजार।




जिले के नये जिला पंचायत सीईओ दिव्या अग्रवाल ने पदभार संभाल लिया है। उन्होंने शाम 4 बजे जिला पंचायत कार्यालय के सीईओ कक्ष में में अपना चार्ज लिया। वह बलौदाबाजार भाटापारा जिला पंचायत में 8 वे सीईओ के रूप में नियुक्त हुए। इसके पूर्व वह सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले में अपर कलेक्टर के रूप में कार्य कर चुकी है। दिव्या अग्रवाल 2014 बैच के राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारी हैं। उनके पदभार ग्रहण करने के मौके पर प्रभारी उप संचालक पंचायत सुरेश कंवर, सहायक परियोजना अधिकारी मनरेगा के के साहू उपस्थित रहे। सहित जिला पंचायत के समस्त अधिकारी गण उपस्थित थे।

### एकलव्य आवासीय विद्यालय: कक्षा 6 वीं में प्रवेश हेतु मंगाये गये ऑनलाईन आवेदन

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

भारत सरकार, जनजातीय कार्य मंत्रालय, नई दिल्ली अंतर्गत गठित राष्ट्रीय आदिवासी छात्र शिक्षा समिति, नई दिल्ली द्वारा प्रवर्तित एवं छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय आदिम जाति कल्याण, आवासीय एवं आश्रम शैक्षणिक संस्थान समिति द्वारा संचालित छत्तीसगढ़ राज्य में संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में शिक्षण सत्र 2024-25 में कक्षा 6 वीं में प्रवेश हेतु 18 मार्च 2024 से पंजीयन प्रारंभ है। एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में कक्षा 6 वीं में प्रवेश हेतु नियमावली एवं प्रवेश नीति का अवलोकन तथा प्रवेश हेतु ऑनलाईन पंजीयन वेबसाईट https://eklavya.cg.nic.in पर कर सकते है। इस संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी के लिए कार्यालय कलेक्टर आदिवासी विकास शाखा, रायगढ़ में संपर्क कर सकते है।

#### ऑनलाईन आवेदन फार्म भरने की तिथि

वेबसाईट में ऑनलाईन आवेदन फार्म प्रारंभ की तिथि 18 मार्च 2024 से तथा ऑनलाईन आवेदन करने की अंतिम तिथि 18 अप्रैल 2024 तक है। ऑनलाईन भरे गये फार्म में त्रुटि सुधार की तिथि 19 से 26 अप्रैल 2024 रात्रि 11.59 बजे तक तथा प्रवेश परीक्षा की तिथि 18 मई 2024 है।

### शासकीय कार्यालयों में लेखन सामग्री, टोनर एवं कार्ट्रेज खरीदी हेतु अधिकृत सप्लायरों से 29 अप्रैल तक मंगाये गये निविदा

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

जिला कार्यालय एवं रायगढ़ जिले में संचालित अन्य शासकीय कार्यालयों के उपयोग के लिए लेखन सामग्री (स्टेशनरी)एवं टोनर, कार्ट्रेज इत्यादि क्रय करने हेतु मानक दरों तथा अधिकृत सप्लायर्स का निर्धारण किए जाने हेतु निविदा कार्यालयीन समय में मंगाये गये है। इच्छुक सप्लायर्स 29 अप्रैल 2024 दोपहर 1 बजे तक कलेक्टोरेट कार्यालय के कक्ष क्रमांक 32 में निविदा प्रस्तुत कर सकते है। निविदा उसी दिन अपरान्ह 3.30 बजे अपर कलेक्टर कक्ष क्रमांक 21, कलेक्टर परिसर, रायगढ़ में खोली जाएगी। इस संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी जिला कार्यालय के वेबसाईट www.raigarh.gov.in में अवलोकन कर सकते है।

### 10 वीं बोर्ड की सामाजिक विज्ञान परीक्षा संपन्न, 13,121 परीक्षार्थी में 486 अनुपस्थित रहे

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा हाई स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा-2024 कक्षा 10 वीं बोर्ड परीक्षा के तहत 15 मार्च को सामाजिक विज्ञान विषय की परीक्षा संपन्न हुई। जिसमें 13 हजार 121 परीक्षार्थी संख्या दर्ज की गई थी। जिसमें से 12 हजार 635 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दिलाई। 486 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। जिले में कहीं भी नकल प्रकरण दर्ज नहीं किया गया है। परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न हुआ।

# मोटर साईकिल पर निकले सीतापुर विधायक क्षेत्र निरीक्षण पर

जोहार छत्तीसगढ़-सीतापुर।



सीतापुर के विधायक रामकुमार टोप्पो अपने अनोखे अंदाज के लिए जाने जाते हैं। वही सीतापुर के विधायक रामकुमार टोप्पो निराले अंदाज में मोटरसाइकिल पर सवार होकर गुपचुप तरीके से अपने क्षेत्र के निरीक्षण पर निकल गए। जहां वह मोटरसाइकिल से क्षेत्र निरीक्षण करते हुए अनेक स्कूलों और बैंकों की सुविधाओं का जायजा लेने लगे। वह इस अंदाज में स्कूलों और बैंकों में पहुंचते थे कि लोगो को जरा भी अंदाजा नहीं होता था कि यहां विधायक आये हुए है,वह हितग्राहियों के बीच बैठकर इस अंदाज में जानकारी लेते थे कि वहां के लोगों को पता ही नहीं चलता था कि वह विधायक से बात कर रहे हैं। सर्वप्रथम वह सीतापुर के सेंट्रल बैंक में निरीक्षण करने पहुंचे, तथा वहां की सुविधाओं का जायजा लिया अंत में बैंक मैनेजर से मिलने के बाद, पूरे स्टाफ को पता चला कि विधायक आधे घंटे से उनके बैंक का निरीक्षण कर रहे हैं। इसके उपरांत विधायक रजौटी प्राथमिक शाला के निरीक्षण पर पहुंचे। और वहां की स्थितियों का जायजा लिया और बच्चों के क्लास में जाकर उनसे मुलाकात की,इसके उपरांत वह पेटला स्थित कोऑपरेटिव बैंक में गुपचुप तरीके से पहुंचे, जहां हितग्राहियों की भीड़ लगी हुई थी। जहां सीतापुर विधायक ग्रामीणों के बीच जाकर बैठ गए और बैंक से मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी लेने लगे,वहां स्थित हितग्राहियों को तनिक भी भनक नहीं लगा कि सीतापुर विधायक उनके बीच बैठे हैं। जैसे ही बैंक के कर्मचारियों और वहां स्थित ग्रामीणों को इस बात की जानकारी हुई कि विधायक गुप्त तरीके से आए हैं सभी उनके इस अनोखे अंदाज के कायल हो गए,

इसके उपरांत वह पेटला स्थित हाई स्कूल पहुंचे जहां वह 9 वीं क्लास में घुसकर बच्चों को 1 घंटे तक पढ़ाते रहे। स्कूल में जैसे ही इस बात की जानकारी स्टाफ और बच्चों को हुई वह तत्काल विधायक से मिलने पहुंच गए। जिस तरह से सीतापुर विधायक अपनी अनोखे अंदाज में गुपचुप तरीके से मोटरसाइकिल पर क्षेत्र भ्रमण पर निकले और उन्होंने वहां की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। यह अपने क्षेत्र के लोगों प्रति उनके समर्पण को दर्शाता है। नि:संदेह उनका इस तरह का कार्य क्षेत्र की व्यवस्थाओं को चुस्त दुरुस्त रखने में काफी सहयोग प्रदान करेगा। क्योंकि यह कोई नहीं जानता कि विधायक कब कहां कैसे पहुंच जाए।

# डॉ. प्रियंका वर्मा ने किया खरसिया एसडीएम का पदभार ग्रहण

जोहार छत्तीसगढ़-खरसिया।



जिले की संयुक्त कलेक्टर डॉक्टर प्रियंका वर्मा ने खरसिया अनुविभागीय अधिकारी रा.का पदभार ग्रहण कर लिया है। विदित हो संयुक्त कलेक्टर डॉक्टर प्रियंका वर्मा इससे पूर्व सूरजपुर में अपनी सेवाएं दे रही थी। गौरतलब है कि नवपदस्थ एसडीएम डॉक्टर प्रियंका वर्मा ने तहसील कार्यालय पहुंचकर विधिवत कार्यभार ग्रहण कर लिया है। विदित हो कि पूर्व एसडीएम रोहित सिंह का तबादला होने के बाद जिला कलेक्टर ने संयुक्त कलेक्टर डॉक्टर प्रियंका वर्मा को खरसिया एसडीएम की कमान सौंपी है। 2015 बैच की सुश्री प्रियंका वर्मा इससे पूर्व बालोद, कवर्धा सूरजपुर जैसी जगहों पर कार्य कर चुकी हैं। नवपदस्थ एसडीएम डॉक्टर प्रियंका वर्मा ने प्रेस क्लब खरसिया के पत्रकारों से मुलाकात के दौरान बताया कि राजस्व संबंधित पुराने प्रकरणों का निपटारा सहित अनुविभाग के पेंडिंग मामलों को निपटाना उनकी प्राथमिकता होगी वहीं जिला कलेक्टर के मंशानुरूप क्षेत्र के विकास के लिये सदैव तत्पर रहूंगी। वहीं उन्होंने बताया कि क्षेत्र में हो रहे अवैध उत्खनन, अवैध रूप से गिराये जा रहे फ्लाई एश सहित अन्य अवैध मामलों पर तत्परता से कार्यवाही की जायेगी। साथ ही उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के दौरान क्षेत्र में अमन चैन व्याप्त रहे तथा निर्वाचन का कार्य शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हो इसके लिए अनुविभाग के अधिकारियों कर्मचारियों सहित क्षेत्र की जनता के साथ समन्वय बनाकर कार्य किया जाएगा।

युवा अधिकारी की नियुक्ति से क्षेत्र की जनता में उम्मीद जगी है कि पेंडिंग राजस्व मामलों का जल्द निपटारा होने के साथ-साथ क्षेत्र में हो रहे अवैध उत्खनन, सरकारी जमीनों पर हो रहे अवैध कब्जा जैसे मामलों पर रोक लगेगी साथ ही राजस्व विभाग में फैले भ्रष्टाचार पर भी अंकुश लगेगा।

# 18 लाख नगदी रकम किया जप्त

आगामी लोकसभा चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए की गई वाहनों की आकस्मिक चेकिंग

## चेकिंग के दौरान थाना मंदिर हसौद क्षेत्रांतर्गत स्थित टोल नाका पास 18,62,200 किये जप्त

जोहार छत्तीसगढ़-रायपुर।



आगामी लोकसभा चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह के निर्देशानुसार 14 मार्च 24 को एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट एवं थाना मंदिर हसौद पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा थाना मंदिर हसौद क्षेत्रांतर्गत स्थित टोल नाका पास वाहनों की आकस्मिक चेकिंग की गई। चेकिंग के दौरान चारपहिया वाहन क्रमांक ओ डी/15/यू/9001 को चेक करने पर बैग में लाखों रूपये नगदी रकम रखा होना पाया गया। जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा वाहन में सवार व्यक्ति से लाखों रूपये नगदी रकम के संबंध में पूछताछ करने एवं वैध दस्तावेज की मांग करने पर उसके द्वारा किसी प्रकार का कोई दस्तावेज प्रस्तुत न कर टीम के सदस्यों को लगातार गुमराह किया जा रहा था। जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा उक्त वाहन चालक के पास रखें कुल 18,62,200 नगदी रकम को धारा 102 जा.फौ. के तहत थाना मंदिर हसौद में जप्त किया गया है।

# सेवा सहकारी समिति से धान उठाओ की समस्या समिति प्रबंधक और प्रभारियों पर

शासन प्रशासन के आश्वासन पर धान उठाओ की उम्मीद लगाएं बैठे समिति प्रबंधक व प्रभारी

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।



धान की उठाओ की समस्या को लेकर धान खरीदी प्रबंधक व प्रभारी धान उठाओ की समस्याओं से जूझ रहे हैं धान खरीदी केंद्र के प्रबंधक व प्रभारियों को प्रशासन की सिर्फ आश्वासन के भरोसे पर यह समस्या बनी हुई हैं कि धान खरीदी केंद्र में धान की उठाओ नही होने से प्रबंधक व प्रभारियों की दांतों तले उंगलियां दबाने में मजबूर हो जा रहे हैं, जिला बेमेतरा के प्रबंधक व प्रभारियों के द्वारा कलेक्टर व मुख्यकार्यापालन अधिकारी व विपणन अधिकारी व जिला खाद्यअधिकारी व उप आयुक्त सहकारी संस्थाएं को विज्ञापन सौंपकर समिति प्रबंधक ने बताया कि धान की उठाओ लगातार तेज किया जाये। एक तरफसरकार के द्वारा धान की खरीदी के टारगेट को पूरा किया गया हैं तो दूसरी तरफ उठाओ की गम्भीर समस्या बनी हुई हैं, लेकिन इससे शासन प्रशासन को कोई फर्क नही पड़ रहा हैं यही वजह है कि वारदानों की सुखत में कमी और धान की बर्बादी हो रही हैं जिससे धान का उठाव नहीं होने पर धान में साटेज आना चालू हो गये जिसमें प्रबंधक एवं प्रभारियों के द्वारा शासन प्रशासन की प्रति गुस्सा व्यक्त कर रहे हैं। वहीं जिला बेमेतरा के प्रबंधक का कहना है कि यदि धान उठाओ नही होती हैं तो उसका जवाबदारी कौन लेगा। लेकिन धान मंडियो में उठाओ को लेकर ही कई तरह से परेशानियां खड़ी हो जाती है यदि को देख रेख रखरखाव में किसी भी प्रकार का आनिमित्त पाई जाती है तो प्रशासन के अधिकारियों द्वारा फटकार लगाने से पीछे नहीं हटते हैं, लेकिन धान के उठाओ नहीं होने से जिला बेमेतरा में गंभीर समस्या बनी हुई है यदि जल्द से जल्द इसका उठाओ नहीं किया जाएगा तो जिला बेमेतरा के पूरे समिति प्रबंधक व प्रभारी के द्वारा हड़ताल की जाएगी जिसकी जवाबदारी शासन प्रशासन होगी।

## जिला बेमेतरा के प्रबंधक एवं प्रभारी का कहना

धान खरीदी केंद्रों में धान की नुकसान लगातार हो रही है तो वही छोटे मोटे चूहे जीव जंतुओं के द्वारा बरदानों को चूहें के द्वारा काटने फटने से कोई भी यंत्र व उपाय कम में नहीं आ रहीं हैं वही बारदानों को चूहा काटने से धान प्रबंधक प्रभारी के सर पर मानों बड़ा पहाड़ लगा हो।

# दिनदहाड़े कट गए पेड़ और अधिकारियों को खबर तक नहीं

## वन विभाग के कर्मचारी ने कहां राजस्व भूमि नहीं कर सकते हस्तक्षेप

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़

धरमजयगढ़ के दुलिया मुड़ा जंगल में पेड़ कटाई रुकने का नाम नहीं ले रहा है। ऐसा ही चलते रहा तब एक दिन इस जंगल में एक पेड़ भी नहीं बचेगा। इसकी चिंता सिर्फ आम जनता को ही है, किसी अधिकारी को नहीं अगर अधिकारियों को इसकी चिंता रहती तब यहां पेड़ कटाई और जमीन कब्जाने का खेल पर कार्यवाही हो चुका होता।





**दुलिया मुड़ा जंगल में चल रहा जमीन कब्जाने का खेल**

लगातार हो रही वृक्षों की कमी ग्लोबल वर्मिंग के खतरे को और बढ़ाती जा रही है पेड़ हमारे जीवन में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं यह हमें ऑक्सीजन देते हैं और पेड़ों की घटती संख्या ही बढ़ती गर्मियों का कारण है। पर जमीन कब्जा करने वालों को इसकी कोई चिंता नहीं उन्हें बस चाइए तो सिर्फ और सिर्फ जमीन चाहे उसके लिए सैकड़ों पेड़ों की बली ही क्यों ना देनी पड़े। ऐसा ही कुछ दुलियामुड़ा के जंगलों में चल रहा है यहां पर भारतमाला सड़क के लिए हुए सर्वे के किनारे पेड़ों को काटकर जमीन कब्जा किया जा रहा है। हैरानी की बात यह है कि इसपर किसी का ध्यान नहीं जा रहा या है। कुछ दिनों पहले भी हमारे द्वारा पेड़ों की कटाई का मामला प्रमुखता से प्रकाशन किया गया था, पर समाचार प्रकाशन के बाद भी विभागीय कर्मचारी-अधिकारियों ने संज्ञान नहीं लिया है। कार्यवाही के बदले एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप लगा रहे हैं।

### क्या कहते हैं बीट गार्ड?

जब इस मामले में बीट गार्ड भानुप्रताप से पुछा गया तो उनके द्वारा बताया गया की राजस्व भूमि है और उनके क्षेत्र में नहीं आता है, इसपर हम लोग कार्यवाही नहीं कर सकते हैं।



### क्या कहते हैं हल्का पटवारी

हमारे द्वारा दुलियामुड़ा की हल्का पटवारी से पूछने पर बताया की उन्हें इसकी जानकारी नहीं है। मैं वन विभाग के डिप्टी रेंजर और बीट गार्ड से बात करती हूं और मौके पर जाकर देखकर ही बता सकती हूं, की वन विभाग का है या राजस्व विभाग की।

अब सवाल यह खड़ा होता है कि अगर राजस्व भूमि में भारी मात्रा में पेड़ काटकर जमीन कब्जा करने का खेल चल रहा तो यहां के पटवारी क्या कर रहे हैं? और अगर वन विभाग के क्षेत्र में इतनी भारी मात्रा में ईमारती वृक्षों की कटाई हो रहा है और इनके विभाग के किसी अधिकारी-कर्मचारियों को खबर तक क्यों नहीं है? या फिर सब मिलीभगत से ये खेल खेला जा रहा है।

## लोकसभा निर्वाचन में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने स्वीप कोर कमेटी की हुई बैठक

### कलेक्टर ने कम मतदान वाले बूथों का चिन्हांकन कर रणनीति बनाने के दिए निर्देश

**कांकेर** । आगामी लोकसभा आम निर्वाचन-2024 में जिले में मतदाताओं की अधिक से अधिक सहभागिता के लिए मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं। इसी क्रम में आज स्वीप कोर कमेटी की बैठक कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अभिजीत सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। उन्होंने पिछले विधानसभा निर्वाचन के दौरान मतदान का प्रतिशत कम वाले केन्द्रों का चिन्हांकन कर वोटिंग का प्रतिशत बढ़ाने हेतु रणनीति बनाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित मतदान केन्द्रों में 70 प्रतिशत से कम तथा शहरी क्षेत्रों के बूथों में 65 प्रतिशत से कम वोटिंग वाले मतदान केन्द्रों का चिन्हांकन कर वहां के मतदाताओं को जागरूक करने विशेष अभियान चलाने के लिए स्वीप समिति के अधिकारियों को निर्देशित किया। कलेक्टर श्री सिंह ने आज दोपहर 12 बजे से आयोजित बैठक में जिले के मतदाताओं को जागरूक करने और शत-प्रतिशत मतदान कराने के उद्देश्य से अभियानपूर्वक गतिविधियां संचालित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मतदान के दौरान गर्मी के मौसम को देखते हुए सभी पोलिंग बूथों में छाया और पेयजल की अनिवार्य रूप से व्यवस्था की जाए। साथ ही मतदान केन्द्रों में दिव्यांग मतदाताओं के लिए व्हील चेयर जरूर रखें। इसके अलावा भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 85 से अधिक आयु वर्ग तथा 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता वाले मतदाताओं का चिन्हांकन किया जाए, जिससे उनके घर पर जाकर वोटिंग की सुविधा मुहैया कराई जा सके।

## खरसिया पत्थलगांव सड़क निर्माण में हो रही देरी को लेकर सर्व आदिवासी समाज के नेतृत्व में ग्रामीणों ने किया आर्थिक नाकेबंदी

जोहार छत्तीसगढ़-छाल।



खरसिया छाल मुख्य मार्ग में सर्व आदिवासी समाज एवं चंद्रशेखरपुर एडू के ग्रामीणों ने चार घंटा सड़क की निर्माण जल्दी शुरू करना को लेकर चक्का जाम किये थे। यहां सड़क की उड़ती धूल से ग्रामीण प्रभावित हैं जिससे ग्रामीणों का काफी समर्थन मिला एडू में सड़क किनारे दुकानदार अपनी दूकान सुबह से बंद करके चक्का जाम का समर्थन किया समझाइस के लिए छाल तहसीलदार महेंद्र लहरे एसडीओपी प्रभात पटेल पीडबल्यूडी सब इंजीनियर त्रिलोचन पटेल प्रोजेक्ट मैनेजर राजीव शर्मा इसमें प्रोजेक्ट मैनेजर ने कहा की सड़क में ओवर लोड गाड़ियां चल रही है। जिससे इसमें पीक्यूसी सड़क ही टिक पायेगा जिसके लिए हमने ई ई लेटर भेज दिए हैं। जैसे इसके लिए अप्रूबल नहीं आया तक राहत के लिए पानी छिड़काव एवं लेबल कर देंगे अब ठेकेदार इसको समय बढ़ाने के लिए इस तरह घुमा रहे हैं।

### कोई राजनितिक पार्टी शामिल नहीं हुआ प्रभावित ग्रामीण ही समर्थन किये

एसईसीएल की विस्तारिकरण 6 मिलियन टन की प्रोजेक्ट के लिए अधिग्रहण किया गया है जबकि सड़क की सर्वे तीन साल पहले हुआ फिर भी प्रोजेक्ट मैनेजर द्वारा बोला जा रहा की इस्तीमेट पास हुआ उससे अधिक लोड गाड़ियां दौड़ रही है 91 किमी के लिए 147 करोड़ की टेंडर में 128 करोड़ की बिलो में काम किया जा रहा।

"* हमारे क्षेत्र की समस्या दिनों दिन बढ़ते जा रही है। हमारी समस्या की समाधान जल्द नहीं होगी तो हम फिर से आंदोलन करने की लिए बाध्य होंगे। जिसकी जवाबदारी शासन-प्रशासन की होगी।

महेन्द्र सिदार
ब्लॉक अध्यक्ष धरमजयगढ़

"* जल्दी बनाने का प्रयास कर रहे हैं ठेकेदार के ऊपर दबाव बनाया जा यह है। रही बात पी क्यू सी रोड की तो ठेकेदार के तरफ से सिम्पल लेटर आया है लेकिन इसमें पहले सड़क बनाये थे उसकी जाच करेंगे इनकी मटेरियल में खराबी है या ओवर लोड से खराब हुआ।

अमित कश्यप,
ई.ई. पीडबल्यूडी

## एक नजर

### वार्ड क्रमांक 46 कृष्णापुर आंगनबाड़ी केन्द्र में रिक्त पदों के लिए 6 अप्रैल तक मंगाये गये आवेदन

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

एकीकृत बाल विकास परियोजना रायगढ़ (ग्रामीण) अंतर्गत नवीन स्वीकृत आंगनबाड़ी केन्द्र कृष्णापुर वार्ड क्रमांक 46 नगर पालिका निगम क्षेत्र रायगढ़ में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका के एक-एक पद रिक्त है। इच्छुक आवेदिका 6 अप्रैल 2024 तक कार्यालयीन समय में परियोजना अधिकारी, एकीकृत बाल विकास परियोजना, रायगढ़ (ग्रामीण)में आवेदन जमा कर सकते है। इस संबंध में विस्तृत दिशा-निर्देश व नियम शर्तो की जानकारी के लिए कार्यालय के सूचना पटल पर अवलोकन कर सकते है।

### कार्यकर्ता पद के लिए मंगाये गये दावा-आपत्ति आवेदन

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

एकीकृत बाल विकास परियोजना रायगढ़ (शहरी)अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्र पूछापारा वार्ड क्रमांक 11, आंगनबाड़ी केन्द्र गौशाला पारा वार्ड क्रमांक 14, आंगनबाड़ी केन्द्र झोपड़ीपारा वार्ड क्रमांक 35 एवं आंगनबाड़ी केन्द्र राजीवगांधी नगर ए वार्ड क्रमांक 36 में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के रिक्त पद के लिए जारी प्राविधिक/अनंतिम मूल्यांकन पत्रक पर दावा-आपत्ति आवेदन मंगाये गये है। आवेदिका 18 मार्च से 2 अप्रैल 2024 सायं 5.30 बजे तक सीधे परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना, रायगढ़ (शहरी) में दावा-आपत्ति आवेदन जमा कर सकते है।

### वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी ने केलो सिंचाई परियोजना को त्वरित गति से पूर्ण करने हेतु दी 30 करोड़ रुपए की स्वीकृति

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।



वित्त मंत्री एवं रायगढ़ विधायक ओ.पी.चौधरी ने केलो बांध परियोजना के लिए 30 करोड़ रुपए की स्वीकृति प्रदान की है। इस राशि का उपयोग केलो बांध के नहर निर्माण, मरम्मत एवं भू-अर्जन के प्रकरणों में किया जाएगा। इससे न सिर्फ किसानों को आर्थिक मदद मिलेगी बल्कि नहर निर्माण और मरम्मत कार्य से सैकड़ों हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई का रकबा भी बढ़ेगा। वित्त मंत्री ओ.पी चौधरी ने क्षेत्र के लोगों को ये विश्वास दिलाया है की केलो परियोजना को लेकर वो काफी गंभीर हैं और इस महत्वपूर्ण परियोजना को वो जल्द ही पूर्ण करने के लिए लगातार प्रयासरत हैं। ओ.पी चौधरी के इस प्रयास और 30 करोड़ रुपए की स्वीकृति देने के लिए स्थानीय ग्रामीणों में उत्साह का माहौल है और किसानों ने वित्त मंत्री चौधरी के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त की है।

## संभाग स्तरीय खेल में रायपुर रेंज का 10 गोल्ड 05 सिल्वर,05 ब्रांज सहित 20 पदक पर कब्जा

### 9 सौ खिलाड़ियों ने लिया हिस्सा, रायपुर रेंज के गरियाबंद का उत्कृष्ट प्रदर्शन

जोहार छत्तीसगढ़-गरियाबंद।



छत्तीसगढ़ पुलिस राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का समापन हो गया। खेल प्रतियोगिता के समापन में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और गृह मंत्री विजय शर्मा बतौर अतिथि उपस्थित रहें। प्रदेश के 11 संभाग स्तरीय रेंज के 9 सौ खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में भाग लिया था। जिसमें गरियाबंद जिले के खिलाड़ी भी शामिल थे गरियाबंद की टीम ने रस्साकसी, कब्बड्डी, वालीबॉल,और हैंडबिल में प्रथम स्थान प्राप्त कर रायपुर रेंज के खाते 4 गोल्ड मेडल किया। रस्साकसी खेल में कप्तानी करते गरियाबंद पुलिस के जाबांज सिपाही चुड़ामणी देवता के टीम ने सरगुजा रेंज को मात देते हुए ट्रेनिंग टीम को हराया और फाइनल में दुर्ग रेंज की टीम को हराकर स्वर्ण पदक रायपुर रेंज के नाम कर लिया। रस्साकसी, कब्बड्डी, वालीबाल और हैंडबिल में गरियाबंद के प्रधान आरक्षक चुडामणी देवता के साथ आशीष सपहा,आर रवि सिन्हा, महेश ध्रुव,डुगेश्वर यादव, पुरूषोत्तम,अजय, इंद्रजीत दीवान,विनोद कुर्रे,राजु साहू,शामिल थे तो वही इस टीम के मैनेजर डीएसपी निलेश द्विवेदी और कोच अभय गढ़कर थे। रायपुर रेंज ने संभाग स्तरीय खेल प्रतियोगिता में 10 स्वर्ण पदक, 05 सिल्वर और 05 ब्रांज पदक अपने नाम कर लिया। रायपुर रेंज की टीम में शामिल गरियाबंद टीम के उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिये देवभोग मैनपुर छुरा राजिम देवभोग थाना प्रभारी सहित पुलिस कर्मियों ने बधाई दिया।



## निरीक्षक कमला पुसाम ने संभाली धरमजयगढ़ थाने का प्रभार

जोहार छत्तीसगढ़ .धरमजयगढ़।

पुलिस कप्तान दिव्यांग पटेल ने स्थानांतरण आदेश जारी करते हुए धरमजयगढ़ थाना प्रभारी अमित कुमार तिवारी को घरघोड़ा थाना प्रभारी और रक्षित केंद्र में पदस्थ कमला पुसाम को धरमजयगढ़ थाना प्रभारी बनाया है। आदेश का पालन करते हुए नए थाना प्रभारी कमला पुसाम ने धरमजयगढ़ थाने का प्रभार संभाल ली है।

## एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में प्रवेश के लिए ऑनलाईन आवेदन 18 अप्रैल तक

### o प्रवेश चयन परीक्षा की सूचना जारी

**कांकेर** । जिले में संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में शिक्षण सत्र 2024-25 के लिए कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु ऑनलाईन आवेदन एवं प्रवेश चयन परीक्षा की सूचना जारी की गई है। आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार चयन परीक्षा में शामिल होने के लिए ऑनलाईन आवेदन वेबसाईट www.eklavya.cg.nic.in पर 18 अप्रैल तक आमंत्रित किया गया है। इसी प्रकार ऑनलाईन भरे गए फार्म में त्रुटि सुधार की तिथि 19 से 26 अप्रैल तथा प्रवेश चयन परीक्षा की तिथि 18 मई दिन शनिवार निर्धारित की गई है। सहायक आयुक्त ने बताया कि एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए विद्यार्थी की आयु 01 अप्रैल 2024 को 10 से 13 वर्ष के मध्य होनी चाहिए। (दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए आयु सीमा में अधिकतम दो वर्ष की छूट रहेगी)। प्रवेश के समय कक्षा 5वीं उत्तीर्ण हो तथा छत्तीसगढ़ का मूल निवासी होना चाहिए। छत्तीसगढ़ राज्य द्वारा घोषित जनजातीय वर्ग, समुदाय का सदस्य हो तथा विद्यार्थी को किसी अन्य विद्यालय से निष्कासित न किया गया हो।

## धूल डस्ट से एडू-खेदापाली के ग्रामीण परेशान, लोग हो रहे गंभीर बीमारी का शिकार

जोहार छत्तीसगढ़-नावापारा।




छाल क्षेत्र में एसईसीएल से ग्रामीण काफी प्रभावित हो रहे है इससे दिन ब दिन डस्ट बढ़ते ही जा रहा यहां जितनी एसईसीएल की विस्तारिकरण किया जा रहा उतने ही ग्रामीण बीमारी से प्रभावित हो रहे हैं एडू 2500 एवं खेदापाली 1500 करीब आबादी की दोनों गांव के निवासी 24 घंटे डस्ट से प्रभावित हो रहे हैं स्थिति यह है कि दोनों गांव के लोग तीन तरफ से डस्ट के प्रकोप में है। यहां रेल्वे साइडिंग गांव से ही लगे हुए हैं यहां रोजाना दो रेक कोल परिवहन किया जा रहा तो रेक में लोड एवं खदान से साइडिंग तक ट्रांसपोर्ट से 24 घंटे कोल डस्ट से घर आंगन तक उड़ रहा है जिससे महिलाएं घर सफ ाई करते परेशान हो गये हैं इनकी मांग है कि ऐसे डस्ट से बचने पूरे गांव की विस्थापित क्र लिया जाय। दूसरी ओर एसईसीएल की विस्तारिकरण का काम जोरो से चल रहा है एडू बस्ती से लगे किसानों की अधिकृत जमीन की खोड़ाई पिछले 10 दिन से शुरुवात किया है जो युद्ध गति से कोयला निकालने 24 घंटा काम चल रहा है जिससे डस्ट 24 घंटे उड़ रहा है जिससे लोग में बीमारी बढ़ते जा रहा है। तीसरी खराब सड़क के कारण आवागमन करने वालो सहित ग्रामीण भी काफ ी प्रभावित है

सड़क किनारे रोजी रोटी के लिए दुकान चला रहे ग्रामीण दिन भर धूल खा रहे हैं। एसईसीएल की विस्तार के अब वाटर लेबल पर भी प्रभाव पड़ेगा क्योंकि इस गर्मी पीएचई द्वारा पानी की सप्लाई नहीं किया गया जिसके कारण ग्रामीणों को पानी की समस्या आना शुरू हो गया है। इस सब स्थिति में एडू एवं खेदापाली के ग्रामीण सबसे ज्यादा प्रभावित है खदान साइडिंग एवं सड़क की धूल से यहां लोग लाचार है कि अब क्या होगा जब साइलो में कांवेयर बेल्ट के रेक लोड होगा रोजाना चार रेक रेल्वे से परिवहन होगा इसे सोचकर रूह कांप उठता है।




स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक -**नारायण बाईन,** फोन -फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in